तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 13 अक्टूबर 2024



08 गरबा में झूमे पूर्व सीएम भूपेश



09 विधायक ने मांगी मां दुर्गा से खुशहाली











## छत्तीसगढ़ पुलिस ने मामले से जुड़े सारे दस्तावेज सीबीआई को कराया उपलब्ध

# महादेव ऐप प्रकरण की जांच, सीबीआई के सहयोगी के रुप में रहेगी छत्तीसगढ़ पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के सरगना व देश के मोस्ट वांटेड सौरभ चंद्राकर की दुबई (यूएई) में इंटरपोल द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद प्रत्यारोपण सन्धि के माध्यम से भारत लाए जाने की कानूनी प्रकिया भी मंगलवार तक पूरी हो जाएगी। इस पूरे प्रकरण में मुख्य जांच एजेंसी के तौर पर सीबीआई लीड रोल में होगी वहीं छत्तीसगढ़ पुसिस बतौर सहयोगी अपना दायित्व निभाएगी। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर रामगोपाल गर्ग पुलिस का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

महादेव ऐप से जुड़े सौरभ चंद्राकर, रवि उत्पल व अन्य 9 लोगों के खिलाफ रायपुर ईडी कोर्ट से गैर जमानती वारंट पहले ही जारी हो चुका है। सौरभ को भारत में सीधे ईडी और सीबीआई के अधिकारी रायपुर लाकर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगें। लगभग 6 हजार करोड़ से अधिक के अवैध कारोबार की पूरी जांच ईडी और सीबीआई कर रही है। दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने सौरभ चंद्राकर के गिरफ्तारी की पुष्टि शुक्रवार को ही कर दी थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश के लिए मोस्ट वांटेड हो चुके भिलाई कैम्प निवासी सौरभ चंद्राकर और नेहरु नगर निवासी रवि उत्पल के खिलाफ पहली बार फरवरी 2022 में मोहन नगर दुर्ग पुलिस ने नामजद अपराध दर्ज किया था। महादेव ऐव के अवैध कारोबार पर खुलासा होने के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने अलग-अलग थानो में कई अपराध दर्ज किए और कार्रवाई भी हुई। वर्ष 2023 में ईडी का इस मामले में इंटर होता है और लगभग 517 करोड़ की अवैध संपत्ति सीज की जाती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद महादेव प्रकरण को जांच के लिए सीबीआई को सौंपे जाने की सिफारिश की गई थी। केंद्र सरकार ने इसमें सहमती दी। जांच का जिम्मा सीबीआई को मिलने के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने महादेव से जुड़े तमान प्रकरणों से संबंधित दस्तावेजों को सीबीआई को सुपुर्द कर दिया था। इसके पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने पूरी जानकारी ईडी को भी दी थी। उसके बाद ईडी ने वर्ष 2023 में कई स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। सीबीआई को मामला मिलने के बाद सौरभ चंद्राकर और रवि उत्पल सहित अन्य फरार आरोपियों को गिफ्तार करने कई तरह के गोपनीय अभियान चलाया गया। केंद्र सरकार के सहयोग से आरोपियो के खिलाफ रेड कार्नन नोटिस भी जारी किया गया। इन नोटिस के बाद सौरभ चंद्राकर और रवि उत्पल को गिरफ्तार करने इटर पोल ने व्यापक अभियान चलाया। अभियान की वजह से सौरभ को एक हफ्ते दुबई (यूएई) में इटरपोल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सौरभ चंद्राकर को भारत लाए जाने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक शहर में विनय, लोकेश, रेड्डी, कुंदन, रवि, राजा, मोनू, चौधरी, जतिन कुमार, टाइगर, तेजी, साहिल, सतीश, सुशांत समेत सैकड़ों की संख्या में महादेव सट्टा का कारोबार संचालित कर रहे है।

### खास बातें

- मोस्ट वांटेड सौरभ को भारत लाए जाने की तैयारी पूरी
- प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में 10 से 15 का लगेगा समय
- सौरभ के साथ रवि उत्पल भी आ सकता है भारत

### आईजी रामगोपाल गर्ग कर रहे छत्तीसगढ़ पुलिस को लीड



## मोबाइल लूटकर हुआ फरार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** देवी दर्शन के लिए निकला व्यक्ति लूट का शिकार हो गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 110 बडा सिविल लाईन वार्ड 29 दुर्ग निवासी महेश कुमार देशमुख हर्बल लाईफ न्यूट्रीशियन का काम करता है। अपनी पत्नि अंजली देशमुख, साली जया देशमुख के साथ दुर्गा माता का दर्शन कर ग्रीन चौक गए थे। रेल्वे कालोनी के पास से पैदल जा रहे थे इस दौरान अज्ञात युवक ने जेब में रखा मोबाईल झपट्टा मारकर लेकर फरार हो गया। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। युवक तुरंत फरार हो गया।




### खबर संक्षेप

## माता की 51 फीट चुनरी की शोभा यात्रा



**भिलाई।** नवरात्रि की सप्तमी के पावन अवसर पर रोहित सिंह के नेतृत्व में माता की चुनरी का आयोजन मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा किया गया। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई जिसमें 51 फीट की चुनरी 51 महिलाओं द्वारा निकाली गई। ये यात्रा स्टील कॉलोनी से सातवीं बटालियन दुर्गा मंदिर में समापन किया गया। जिसमे भाजपा ज़िला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, एएसपी सुखानंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर, सत्यनारायण सिंह बैस, और वार्ड 21 पार्षद अरुण सिंह, राहुल सिंह ,सुमित सिंह,राणा अमन,सौरव,अंकित,अरमान,अनुज ,सागर,धीरज,सौरभ गायकवाड़ मौजूद थे।

## एनडीआरएफ टीम को किया जागरूक

**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल रुम सेक्टर 6 में एनडीआरएफ के 40 से अधिक कर्मियों को साइबर सुरक्षा को लेकर टिप्स दिए गए। जागरूकता अभियान के तहत एनडीआरएफ कर्मियों को साइबर खतरों से बचने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी और उप निरीक्षक संकल्प राय ने बताया कि साइबर वालंटियर द्वारा भी शामिल कर्मियों को टिप्स दिया गया। जिसमें साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां और निपटने के तरीके भी बताए गए। एनडीआरएफ कर्मियों ने अभियान के दौरान सीखे गए उपायों को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया।

## लिंक रोड का किया निरीक्षण

**भिलाई।** ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए टीम ने लिंक रोड का निरीक्षण किया। इस दौरना बीते दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसों से सबक लेकर व्यापारियों को मीटिंग ली गई थी। एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा ने लिंक रोड का निरीक्षण करने पर व्यापारियों को कहा गया कि वह और माल लेकर आने वाले भारी वाहनो को चिन्हित कर स्थान पर ही वाहन खडा करने और आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए शहर के मार्केट में सुगम, सुरक्षित आगमन के लिए अपने दुकान के बाहर सामन न रखने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा दुकान में आने वाले ग्राहकों को निर्धारित पार्किंग स्थान में ही वाहन पार्क करने को कहा गया है। वाहन भी मार्केट के बाहर पार्किंग स्थान में ही पार्क करें। छोटे वाहन रोड मार्किंग (सफेट पट्टी) के अंदर ही खड़ा करने निर्देश दिए गए है।

### सहयोग

# ड्रग इंस्पेक्टर का झांसा देकर कार्रवाई की धमकी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ड्रग इंस्पेक्टर का झांसा देकर मेड़िकल संचालक को धमकी देकर मिलने बुलाने वाले पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 204, 3(5), 331(1), 351 (4) के तहत कार्रवाई किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम धुमा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा किसानी का काम करता है। शिकायत किया है कि उसका बेटा दिलेन्द्र कुमार वर्मा का तीन साल पहले से मेडिकल स्टोर्स का लायसेंस बनाकर ग्राम चीचा में हंसु मेडिकल स्टोर्स संचालित करता है। कुछ दिन पहले दवाई लाकर बेटा घर में रखा था कि 10 अक्टूबर को दशगात्र में ग्राम सिलपट्टी पीड़ित गया था। घर पर बहू कंचन वर्मा बच्चो के साथ थी। बेटा मेडिकल दुकान चीचा गया था। मोबाइल धारक ने कॉल कर स्वयं को ड्रग इस्पेक्टर बताते हुए। बिना लायसेंस की दवा बेचने का आरोप लगाकर कार्रवाई की धमकी दे रहा था। मोबाइल धारक ने पीड़ित को खैरागढ़ कलेक्टर कार्यालय में मिलने की बात कही। परेशान पीड़ित तुरंत अपनी बहू कंचन को फोन कर जानकारी लेने पर स्कार्पियों सीजी 17 के एच 8580 में पांच लोग घर में घुसकर कमरे में दवाई के डिब्बों को चेक करने की जानकारी दी। जब पीड़ित घर लौटा तब शाम को ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा बताया कि घर में स्कार्पियों में सवार मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित सभी ग्राम पण्डरिया निवासी है। ड्रग इस्पेक्टर होने की जानकारी देकर आयुर्वेदिक दवाई के दो डिब्बा को परीक्षण कराने अपने साथ लेकर जाने की बात बताई।

## डिफेंडो कराटे टीम का चयन, गोवा में खेलेगी प्रतियोगिता



**भिलाई।** डिफेंडो कराटे टीम का चयन किया गया। टीम 13 अक्टूबर से मडगांव गोवा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलेगी। प्रतियोगिता 15 अक्टूबर तक आयोजित है। इसमें खुर्सीपार भिलाई की डिफेंडो कराटे टीम के खिलाडियों बालक वर्ग में लोकेश कापसे, सुधांशु यादव, देव, देवा, बालिका वर्ग में शैलजा मिश्रा, परबजीत कौर, जैस्मिन शामिल हैं। कोच वीपी सिंह, के. मोहनराज ने उन्हें प्रशिक्षण दिया है।

# छावनी आईटीआई ग्राउंड में खप रहा चोरी का लोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्लांट से चोरी के लोहा का कारोबार फिर छावनी आईटीआई ग्राउंड पानी टंकी के पास शुरु हो गया है। कारोबार भोर में शुरु हो जाता है। दिन निकलते ही सारा काम बंद हो जाया करता है। सूत्रों के मुताबिक प्लांट से निकलने वाले वाहन सीधे इस कबाडी के दुकान में पहुंचते हैं। ट्रेलर से आने वाले लोहा को उतारा जाता है। वहीं कुछ कटिंग का काम गोदाम के भीतर किया जाता है। इसके बाद डीआई वाहन से दूसरे जगह शिफ्ट किया जाता है। पुलिस हर दिन रात में गश्त करने के बाद जब लौट जाती है। तब यहां कारोबार शुरू होता है। भारी वाहनों का मूवमेंट इस स्थान पर सुबह 6 बजे से शुरू हो जाता है। दो से तीन घंटे के दौरान यहां लोहे की खरीद फरोख्त की जाती है। हर दिन लाखों



का लोहा प्लांट से निकलता है, जिसकी खरीद बिक्री की जा रही है। इस मैदान से भारी वाहनों के लगातार निकलने की वजह से जमीन धस गई है। पास में ही लगा हुआ गोदाम भी है। भारी वाहनों के मूवमेंट को लेकर पिछले कुछ दिनों में शिकायतें बढ़ गई है। इसको लेकर वे विधायक के जेल से छूटने का इंतजार कर रहे हैं, उनका कहना है कि इस कारोबार को किसका संरक्षण हैं।

### पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आवासीय शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर निःशुल्क आवासीय शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण हेतु माह नवम्बर 2024 में आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जो आवेदक माह अप्रैल 2024 में थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में सफल हुए हैं उन आवेदकों को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाले आवेदक इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं। इस आवासीय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक आवासीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। जो आवेदक उक्त फार्म भरेंगे उन्हें 17 अक्टूबर 2024 को शारीरिक मापदण्ड के परीक्षण हेतु प्रातः 11 बजे सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र की छायाप्रति एवं आवेदन पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में उपिस्थत होना आवश्यक है।

### प्लेसमेंट केम्प का आयोजन 16 अक्टूबर को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 16 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक इवेन लाइवलीहुड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डिलिवरी एसोसियेट केवल महिला के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम आठवीं पास एवं बेसिक इंग्लिश तथा आयु 18 प्लस आवश्यक है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

### नेवई में दशहरा आज

भिलाई। श्यामश्याम धाम नेवई भाठा में दशहरा उत्सव 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर शशि सिन्हा उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# जन जागरण दुर्गोत्सव समिति ने 9 दिन किया शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवरात्र पर्व के अवसर पर विराटनगर बोरसी में जन जागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा 3 से 13 अक्टूबर तक नवरात्रि पर का आयोजन किया गया। जिसमें देवी स्थापना की गई एवं 9 दिनों तक भक्ति संध्या, नृत्य प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक नृत्य, गरबा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, मंत्रोच्चार प्रतियोगिता, सुआ नृत्य सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि शुक्रवार को पूर्णाहुति हवन, पूजन, कन्या पूजन एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पूजन कर माता का महाप्रसाद ग्रहण किया। जन जागरण समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा एवं महासचिव महावीर साहू ने बताया कि यह आयोजन चौथे वर्ष किया गया है एवं प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। निःस्वार्थ भाव से जनजागरण दुर्गोत्सव समिति के सदस्य एवं बोरसी कॉलोनी के निवासियों द्वारा माता की सेवा एवं अनेक आयोजनों को सफल बनाया। जिसमें संरक्षक अनुज राम साह, एडी टंडन, डॉ कृष्ण कुमार पाटिल, पोषण लाल साहू, पन्ना लाल साह, अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्षए खिलूराम साहू, विजय यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता साहू, सचिव महाबीर साहू, सहसचिव संजय अष्टकर, शशि कुमार साहू, सहित समस्त विराट नगर वासी जुटे हुए हैं।

### कन्या पूजन के साथ हुआ महा भंडारा



#### श्रद्धालुओं ने माता को अर्पित किए श्रृंगार सामग्री

महाष्टमी पर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए वहीं कई श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी पर्व पर प्रसाद चढ़ाया गया। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के श्रृंगार के विभिन्न सामग्री सहित श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया यह सिलसिला पूरे नौ दिनों तक चलता रहा। शुभ मुहूर्त में आचार्य पूर्णानंद तिवारी एवं कृष्णार्जुन दुबे के सानिध्य में माता की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रों के साथ की गई। तदुपरांत हवन पूर्णाहुति के बाद महा आरती की गई।

### दशहरा पर्व : ट्विनसिटी में धूमधाम से मना दशहरा

# रामलीला मंचन और आतिशबाजी के बीच जला रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा शनिवार को ट्विनसिटी में धूमधाम से मनाया गया। आतिशबाजी और भगवान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, माता सीता और रामभक्त हनुमान की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं ठीक पीछे चलित रथ पर सवार लंकाधिपति रावण जोरों से अट्टहास करते हुए अपनी सेना के साथ चल रहे थे। रथों के सामने दशहरा आयोजन समितियों के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यकर्ता जमकर नृत्य करते मिले। लोग इस पल को यादगार बनाने प्रभु श्रीराम औ रावण के काफिले के साथ अपनी सेल्फी लेने की भी होड़ रही। भिलाई-दुर्ग के प्रमुख दशहरा उत्सव समितियों द्वारा भगवान श्रीराम व रावण युद्ध के बाद परंपरागत तरीके से रावण का पुतला जला।





संत सनातन धर्म समिति केम्प-2 द्वारा 69वां दशहरा उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद आईपी मिश्रा ने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण के रूप धरे बच्चों की पूजा की। उन्होंने लोगों को दशहरा पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर केम्प-1 हनुमान मंदिर से यह शोभायात्रा निकली और दशहरा उत्सव स्थल पर पहुंची।

#### बारिश में ज्यादातर रावण के पुतले भींगे

दशहरा पर्व की शाम करीब एक घंटे तक अच्छी बारिश हुई। इससे लोगों का उत्साह तो कम नहीं हुआ लेकिन आयोजन समितियों की चिंता बढ़ा दी। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले बारिश से भींग गए। पुतले के भीतर रखे पटाखे भी शीता गए। आयोजन समितियों ने रावण के पुतले जलाने के लिए पेट्रोल का वैकल्पिक इंतजाम किए तब कहीं जाकर रावण जल पाया।

#### दुर्ग में चार जगहों पर हुआ रावण दहन

दुर्ग। दुर्ग में चार जगहों पर रावण दहन हुआ। मुख्य कार्यक्रम रविशंकर स्टेडियम में हुआ। यहां विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर दीपक बाकलीवाल सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। प्रभु श्री राम ,लक्ष्मण की शोभायात्रा तमेरपारा से होते हुए रविशंकर स्टेडियम पहुंची। इसके अलावा पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम, बैगापारा मिनी स्टेडियम और जवाहर नगर मैदान में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले जलाकर दशहरा उत्सव मनाया गया।

#### पूर्व सीएम भूपेश की मौजूदगी में मना दशहरा उत्सव

आदर्श सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल द्वारा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में दशहरा उत्सव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर सहित अन्य मौजूद रहे।

#### बैकुंठधाम में 40 फीट का रावण दहन

बैकुंठधाम कैम्प-2 में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे मुख्य आथित्य में दशहरा उत्सव मनाया गया। आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, शिक्षाविद आईपी मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहें। आतिशबाजी के बीच रावण का पुतला जला। नेहरू नगर वेलफेयर एण्ड दशहरा एसोसिएशन द्वारा नेहरू नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया। ऑर्केस्ट्रा तथा रंगबिरंगी आतिशबाजी खास रही। दशहरा पर्व पर सोनपत्ती का खास महत्व है। इसलिए दुर्ग भिलाई की सड़क किनारे सोनपत्ती भी खूब बिके।

#### शाही दशहरा में 90 फीट का रावण जला

दुर्ग और भिलाई में 40 से ज्यादा जगहों पर रावण , कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला जलाकर दशहरा उत्सव मनाया गया। मुख्य रूप से शाही दशहरा उत्सव समिति भिलाई द्वारा 90 फीट का रावण जलाया गया। जयंती स्टेडियम में आयोजित दशहरा उत्सव में खास आकर्षक रामलीला रहा। प्रभु श्रीराम और लंकाधिपति रावण रथ पर सवार होकर यहां पहुंचे। छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका अल्का चंद्राकर ने भजन की विशेष प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षक चारूलता पाण्डे के नेतृत्व में किया गया। युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा सेक्टर-7 में 75 फीट के रावण का पुतला जलाकर उत्सव मनाया। बैकुंठधाम में 40 फीट, शांति नगर में 50 फीट, नेहरूनगर में 60 फीट के रावण का दहन हुआ। रिसाली मैदान, भिलाई-तीन मैदान, पावर हाउस, मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर दुर्ग, बैगापारा, पंचशील नगर, जवाहर नगर मैदान में विजया दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

#### सेक्टर-7 में 75 फीट का रावण जला

युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा सेक्टर-7 में विजया दशमी का पर्व मनाया। 75 फ़ीट ऊंचे रावण के पुतले एवं 50 फ़ीट ऊंचे कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। यहां सांसद विजय बघेल और विधानसभा के पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय मुख्य अतिथि और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, नवीन केडिया विशेष अतिथि के रूप से शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने आभार माना।

# फेसबुक में भगवान राम पर टिप्पणी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्ग शहर के तत्वाधान में आज कोतवाली थाना पहुंचकर शहर अध्यक्ष शहर मंत्री और शहर संयोजक के नेतृत्व में रितेश राय, प्रदीप कश्यप साहित्य अन्य ने थाना कोतवाली में ज्ञापन सोपा। पत्र में लिखा गया है कि एक युवक ने भगवान रामचंद्र और जगत जननी मां जानकी के ऊपर अश्लील टिप्पणी की गई है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इसकी कड़ी निंदा करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान बजरंग दल विभाग सह संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, मातृशक्ति विभाग सह संयोजिका रानी साहू, विश्व हिंदू परिषद ज़िला सह मंत्री विजय दूबे, बजरंग दल ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, मातृशक्ति ज़िला संयोजिका शशि बँछोर, ज़िला सह संयोजिका अंकिता तिवारी, ज़िला सेवा प्रमुख प्रीति तिवारी, विहिप नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नगर मंत्री नीरज राठौर, नगर संयोजक बलदाऊ साहू, नगर सह संयोजक मिलाप निषाद, नगर सह संयोजक राकेश राज, नगर गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, मातृशक्ति भिलाई नगर संयोजिका अंजली पटनायक, मातृशक्ति कार्यकर्ता भारती बेन, राहुल सिन्हा, किशन साहू, मनीष सोनकर, कमलेश मालापुरे, रोहित तांडेकर, आयुष, अनिल पटेल, चिंटू शर्मा, शुभम खरोले ओमप्रकाश यादव के साथ अन्य उपस्थित रहे।

- बजरंग दल ने कोतवाली थाने में सौंपा ज्ञापन

# लिटिया में आयोजित होगा प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक विगत दिनों धमधा ब्लाक के लिटिया में रखी गई थी। जिसमें 20 अक्टूबर को लिटिया में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत की तैयारी की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार और सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया है।

- सिंचाई हेतु 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की मांग

किसान महापंचायत में प्रदेशभर से दो हजार किसान प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है, किसान महापंचायत में केंद्र और राज्य सरकारों की कृषि नीति, कार्यक्रम और योजनाओं पर चर्चा करके कृषि और किसानों के हित में प्रस्ताव पारित किया जायेगा। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक में पिछले एक पखवाड़े से वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल को पकाने के लिए किसानों के जद्दोजहद पर चर्चा करके किसानों ने कहा कि, अटल ज्योति योजना में 6 घंटे की बिजली कटौती को तत्काल स्थाई रूप से बंद किया जाना चाहिए और सिंचाई पंपों को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहिए। बैठक में किसानों ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि, अर्ली वेरायटी के धान बोने वाले किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और दीवाली के बाद 4 नवम्बर से खरीदी शुरू करें। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक में सुखसागर वर्मा, पंचराम साहू, राजेन्द्र साहू, लेखचंद साहू, अमृतलाल गुप्ता, प्रभूलाल साहू, अनंदराम, पवन कुमार, कुलेश्वर, रुखुम साहू, धनेशराम ठाकुर, नानकराम वर्मा, प्रताप, लतेलू राम, सुखू मंडावी, योगेश्वर दिल्लीवार, जीवनंदन दिल्लीवार, बाबूलाल साहू, मुरारी साहू, कांतिलाल देशमुख, मेघराज मढ़रिया, आई के वर्मा, राजकुमार गुप्त आदि शामिल थे।

# प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि संगठन का एक भव्य कार्यक्रम 13 अक्टूबर को रायपुर के एस एन पैलेस में संपन्न होने जा रहा है जिसमें राज्यपाल रमन डेका मुख्य अतिथि होंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल एवं संपत अग्रवाल के विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में प्रदीप मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन भी विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे l



संगठन के संरक्षक महेंद्र सकसेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि अग्रवाल समाज के सदस्य अग्रसेन जयंती को अपने-अपने नगर एवं शहर में प्रतिष्ठापूर्ण ढंग से मनाते हैं प्रदेश के सभी अग्रवाल बंधु एक साथ एकत्रित नहीं हो सकते इसलिए 13 अक्टूबर को पूरे प्रदेश के सभी अग्रवाल समाज के सदस्य एक साथ मिलकर अग्रसेन जयंती मनाने जा रहे हैं। महिला मंडल की श्रीमती हेमलता मित्तल एवं युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। संगठन के सचिव संजय गर्ग एवं पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस दिन अग्र अलंकरण के आतिथ्य अग्रवाल सभा को भी राज्यपाल सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव विनोद तारा विकास सिंघल राकेश अग्रवाल सुंदर बंसल विष्णु बंसल संतोष अग्रवाल रतनलाल अग्रवाल संगीता अग्रवाल जुटे हुए हैं।

# दशहरा पर मात्र दो घंटे खुली जिला और सिविल अस्पताल की ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दशहरा पर्व यानी शनिवार को जिला अस्पताल और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला की ओपीडी मात्र दो घंटे के लिए खुली रही। दूसरे दिन रविवार अवकाश है इसलिए ओपीडी नहीं खुलेगी। इस तरह दो दिनों तक अस्पताल में मरीजों की नियमित जांच प्रभावित रहेगी।

#### तीन दिन तक जांच रही प्रभावित

शुक्रवार को ऐच्छिक अवकाश होने की वजह से जिला अस्पताल दुर्ग व सिविल अस्पताल सुपेला की ओपीडी नहीं खुली। दूसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही ओपीडी खुली रखी गई। रविवार को अवकाश है। इसलिए ओपीडी बंद रहेगी।




#### दो घंटे की ओपीडी

शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक ओपीडी खुली रखी गई। उसके बाद केजुअलिटी में इलाज जारी रहा । रविवार को अवकाश है इसलिए ओपीडी बंद रखी जाएगी।

-डॉ. पियम सिंह,
प्रबंधक, सिविल अस्पताल

#### ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को दिक्कतें

जिला अस्पताल दुर्ग और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में आसपास क्षेत्र के गांवों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। सुपेला अस्पताल में 80 प्रतिशत मरीज बस्तियों से आते हैं। इसी तरह जिला अस्पताल दुर्ग में ग्रामीण मरीज ज्यादा होते हैं। शनिवार को दो घंटे की ओपीडी में आसपास व दूर दराज से आने वाले मरीजों को इलाज नहीं मिल पाया।

#### केवल केजुअलिटी रहेगी चालू

जिला अस्पताल दुर्ग और सिविल अस्पताल सुपेला में केवल केजुअलिटी ही चालू रखी जाएगी। केजुअलिटी में केवल इमरजेंसी मरीजों का ही इलाज हो पाएगा। भर्ती लायक मरीजों को डॉक्टर भर्ती भी करेंगे। अस्पताल प्रबंधकों द्वारा केजुअलिटी में 24 घंटे शिफ्ट के हिसाब से डॉक्टर और स्टॉफ तैनात किए गए हैं।

# गरबा में झूमे पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



पद्मनामपुर मिनी स्टेडियम में नवरात्र पर्व पर आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव के आखिरी दिन बुधवार को रंग बिरंगी लाईट और लाईव म्यूजिक के बीच हजारों महिलाओं और बालिकाओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ ताल में ताल मिलाकर देश भक्तिगीतों पर गरबा नृत्य किया। इससे पहले श्री बघेल पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ गरबा स्थल में पहुंचे और मां दुर्गा की आरती भी की। गरबा उत्सव की साज सज्जा आकर्षक सजावट के साथ बेहतरीन व्यवस्था को देखकर श्री बघेल अभिभूत हो गए। उन्होने कहा कि नवरात्रि पर्व में गरबा मां दुर्गा की आराधना के साथ हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाते है। नवरात्र में गरबा का आनंद अलौकिक व अद्भूत है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व पूर्व विधायक अरुणवोरा ने भी आयोजन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल की सराहना की। आयोजन में छालीवुड कलाकार आास्था शर्मा, काजल श्रीवास, ज्योत्सना ताम्रकार, बाल कलाकार दर्शन जैन, रोनित राय भी शामिल हुए। इस दौरान चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, राजेन्द्र साहू, सभापति राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, भोला महोबिया, फतेह सिंह भाटिया, सुशील भारद्वाज, संदीप वोरा, आयुष शर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, अनुप वर्मा, निकिता मिलिन्द, अमोल जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे। वही इस गरबा महोत्सव के सहयोगी संस्था रोटरी क्लब, जेसीआई, जैन सोशल ग्रुप, लायंस क्लब, अग्रवाल यूथ क्लब, वायई दुर्ग, प्रवीण भूतड़ा, दीपक जैन, योगेश राठी, ललित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मनीष सोनी थे।

### विजयादशमी पर पुलिस लाइन में आयोजन

# एसपी शुक्ला ने की शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



विजय दशमी के पर्व पर पुलिस लाइन दुर्ग में एसपी समेत विभाग के अधिकारियों ने शस्त्रागार में शस्त्र पूजा किया। एसपी जितेन्द्र शुक्ला पत्नी संगीता शुक्ला के साथ कार्यक्रम में पहुचे। पहले माता दुर्गा की पूजा एवं शस्त्रों की पूजा पंडित के मंत्र उच्चारण के साथ शुरु हुई। पूजा विधि विधान से संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारियों के द्वारा हवाई फायरिंग भी किया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों को विजयदशमी की बधाई दी गई। वाहन शाखा रक्षित केन्द्र दुर्ग में वाहनों की भी पूजा की गई। पुलिस के आला अफसरों से लेकर सिपाहियों तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत गुजरात राज्य से पहुचे पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने शस्त्र पूजा में शामिल हुए। शस्त्रों की पूजा कर माता से आर्शिवाद लिया। दशहरा के दिन पुलिस लाईन, दुर्ग में शस्त्र पूजा के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। कार्यक्रम में एएसपी सुखनंदन राठौर, वेदव्रत सिरमौर, अभिषेक झा, ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक, लाइन डीएसपी चन्द्रप्रकाश तिवारी, एस डी विश्वकर्मा, नीलकंठ वर्मा, वाहन शाखा शेख मुस्ताक, पी.सोलोमान, पुरूषोत्तम यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

# लंगर में तीन हज़ार से अधिक लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता तालाब स्थित मरारपारा पोटिया में सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब तीन हजार लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समिति के सदस्य और स्थानीय कार्यकर्ता भोजन सामग्री के प्रबंध और व्यवस्था को लेकर सक्रिय रहे। सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष ने बताया कि लंगर के आयोजन में समिति के सदस्यों व स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भूमिका निभाई। शाम 6 बजे लंगर आरंभ होने के बाद रात नौ बजे तक महाप्रसाद ग्रहण करने वालों का तांता लगा रहा। इससे पहले नवमी के दिन पूजा पंडालों में कुंवारी कन्याओं के भोजन का आयोजन किया गया। सूरज नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष बताते हैं कि महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्त कार्यकर्ताओ ने अच्छी व्यवस्था की गई थी।

## खबर संक्षेप



### महाष्टमी में शामिल हुए सांसद विजय

**भिलाई।** दुर्गा महाष्टमी के अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं धर्मपत्नी रंजनी बघेल सहित चरोदा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सम्मिलित हुए। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष साहू ने दी।

### आज सांस्कृतिक संस्था लोक रागिनी की प्रस्तुति

**भिलाई।** ग्राम चिंगरी में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सर्व समाज चिंगरी एवं मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम रिखी क्षत्रिय कृत लोक रागिनी की प्रस्तुति होगी। दुर्गा विसर्जन व रावण दहन कार्यक्रम शनिवार को किया गया। समिति के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि 13 अक्टूबर को दशहरा पर्व के मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण विकास पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पुष्पा देशमुख करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथिगण में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचन्दन, श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद सभापति टिकेश्वरी देशमुख सहित विशेष अतिथि राजेंद्र देशमुख, भोजराम देशमुख, शिक्षक बंशीराम यदु, संतोष यादव, सालिकराम निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे।

## निधन

### आशेश्वर वर्मा



**भिलाई।** आमदीनगर हुडको भिलाई निवासी आशेश्वर वर्मा उम्र 46 साल पिता डॉ. परदेशीराम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार का आज रायपुर के अस्पताल में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे यमुनोत्री वर्मा के पुत्र, स्मिता वर्मा व प्रतिभा वर्मा के भाई एवं मधु वर्मा के पति थे। छत्तीसगढ़ हिंदी ग्रंथ अकादमी रायपुर में सेल्स सुपरवाइजर के पद पर वे कार्यरत थे।

### जफ्फर अली



**भिलाई।** सेक्टर-2 सड़क-3 क्वा. नं. 29 ए भिलाई निवासी जफ्फर अली 63 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया है जिसकी अंतिम संस्कार महोदा पारा कब्रिस्तान रायपुर में किया गया है वे कृष्णा स्टूडियो सेक्टर-4 ए मार्केट के संचालक थे। वे सेस अवार अली के पिता व शाहीदा खातुन के पति थे।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-202408102700028/अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अरविन्द सिरमौर पिता स्व. लालश्याम सिरमौर, निवासी ग्राम करेली, पो. नवागांव, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम करेली, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 245 रकबा 0.12 हे. जोकि आवेदक अरविन्द पिता लालश्याम के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यावालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 15.10.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

तसीलदार
तहसील-बोरी, जि-दुर्ग (छ.ग.)

## अंचल में मां दुर्गा की निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

# ढोल मंजीरे की थाप के साथ भक्तों ने दी मां दुर्गा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा अंचलों में धूमधाम से माता रानी को विदाई दिया गया। ग्राम अंडा, चिंगरी,अछोटी ,भरदा, कुथरेल, कोनारी,चंदखुरी ,कोलिहापुरी, जंजंगिरी, अंजोरा, निकुम, भोथली, तिरगा, रसमड़ा, गनियारी, बोरई खाड़ा, रूदा, डौकीडीह, ओटेबंध, सिरसिदा, डगनिया,परसदा ,देवरी, खप्परवाडा,नाहंदा,गुरेदा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भिलाई चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, झोला यहां सभी गावों में माता दुर्गा रानी की विदाई सेवा भजन से किया गया। अंडा में नौ देवी के रूप झांकी दिखाते हुए दुर्गा माता का विसर्जन किया गया। ग्राम चिंगरी के बैगा सालिक राम निर्मलकर ने बताया कि शारदीय नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। दशमी तिथि पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

### मां दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन, निकाली शोभायात्रा भी



**जामगांव आर।** नौ दिन माता दुर्गा की आराधना के बाद पूर्णाहुति हवन करके सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जामगांव आर एवं ग्रामीणों ने माता की बाजे गाजे के साथ भक्ति करते हुए नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह घरों के सामने माता के चरणों में श्रीफल भेंट कर धूप दीप किए। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किए। भक्ति मंडली द्वारा गाए जा रहे देवी गीत और गीत पर बजने वाले बाजे की थाप से अनेक भक्तों के पैर थिरकने लगे।

### जस गीतों के साथ ज्योत जवांरा विसर्जन, जगह-जगह हुआ स्वागत



**सेलुद।** नवरात्र में नव दिन तक पूजा अर्चना के बाद शनिवार को सुबह से ही गांव-गांव में दुर्गा विसर्जन एवं ज्योत जवारा विसर्जन शुरू हुआ। गांव में जस गीत गाते हुए ढोल मजीरे के थाप पर भक्तों ने आज मां दुर्गा को विदाई दी। पाटन नगर सहित आसपास के गांव में काफी उत्साह भी नजर आया। वहीं कई गांव में चलित झांकी भी प्रदर्शित की गई। जिसके माध्यम से झांकी में शामिल कलाकार शोभायात्रा में शामिल हुए। पाटन नगर सहित अंचल के ग्राम कसही, पंदर, नवागांव, दैमार, छाटा , फुंडा, देवादा, सांतरा , मर्रा , सोरम , धूमा, दरबार मोखली, सेमरी, तेली गुंडरा , खमहरिया , डंगनिया, सिकोला, तुलसी बरबसपुर बोरीद सहित टर्रा लोहरसी, जामगांव एम, जामगांव आर, बठेना ,सावनी सहित अन्य गांव में आज माता के भक्तों ने दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा काफी धूमधाम से निकाली। कई गांव में चलित झांकी भी लगाया गया था। ग्राम छाटा में भी उत्साह के साथ माता दुर्गा का विसर्जन किया गया। ग्राम फुंडा में जस गीत के कलाकारों ने चली झांकी के माध्यम से देवी विसर्जन शोभायात्रा में शामिल हुए। पाटन नगर के प्रमुख मंदिर में स्थापित जोत जवारा का विसर्जन हुआ।

### विनायकपुर में लड़कों के सिर में ज्योत जवांरा



**अंडा।** कुंवार नवरात्रि के दुर्गा विसर्जन और माता मंदिर में 60 जोत कलश जवारा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक मातारानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक जोत जवारा की विसर्जन यात्रा में सेवा भंजन गाजे बाजे के साथ स्थानीय सार्वजनिक माता मंदिर विनायकपुर में ज्योत जवारा और दुर्गा माता की शोभायात्रा निकाली गई। विनायकपुर में लड़के लोग अपने सिर में जोत जवारा लेकर विसर्जन करते हैं। पारंपरिक सेवा जसगीत की धुन पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ते रहे। विनायकपुर के गली मुहल्ले भ्रमण करते हुए जोत जवारा विसर्जन के लिए शीतला तालाब पहुंचे और शीतला मंदिर मे ज्योति कलश को विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकालकर घाट तक गया। जिसके चलते भक्तों की भारी भीड़ शीतला मंदिर से तालाब को चारों ओर तक बनी हुई थी। भक्त नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक जोत जवारा को अंतिम विदाई दिए। माता मंदिर के पुजारी चैंनदास देवांगन, खिलेंद्र चंद्राकर, प्रीतम चंद्राकर, आकाश, तिलोचन, सुनील, फणीष, शेषनारायण ने बताया कि माता मंदिर में अब बढ़ते क्रम में यहां ज्योति कलश जलते हैं।

### मां महामाया मंदिर में 2528 ज्योत जवांरा का विसर्जन



**कुम्हारी।** कुम्हारी नगर स्थित मां महामाया के प्राचीन मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भक्तों द्वारा 2528 आस्था के जोत प्रज्ज्वलित किये गए है। मंदिर समिति द्वारा ज्योति कलश के लिए ज्योति कक्ष एवं उनकी देख रेख में पंडा व सेवादार नियुक्ति किये गए थे। इसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश विदेश के प्रवासी नागरिकों द्वारा भी मां के दरबार में जोत प्रज्ज्वलित किये गए हैं जिनमे ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका एवं कनाडा के लोग शामिल हैं। मां महामाया मंदिर के अलावा शीतला मंदिर में 125, महामाया ट्रस्ट 31, लटटी बाबा चौक में 27, महामाया पारा 10, रामनगर 09 एवं आज़ाद चौक में 07 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये गए हैं। नवरात्र में नौ दिनों तक भक्तजन देवी के दर्शन करने दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग आते है। मंदिर के पुजारी बताते है कि माँ महामाया धरती फोड़ विराजमान हुई जिससे लोगों में माँ के प्रति श्रद्धा अटूट है। ऐसा विश्वास है कि लोग शुभ कार्य करने के पहले मां के दरबार में मत्था टेकने आते है और समस्याओं का निदान पाने के पश्चात मां की विशेष पूजा अर्चना करते है। मां महामाया मंदिर से 2528 ज्योत जवारा का हुआ विसर्जन।

# विधायक ने मांगी मां दुर्गा से खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल अंतर्गत ग्राम रसमडा ,दमोदा , नगपुरा,अंजोरा (ख) दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर विभिन्न स्थानों पर विराजमान मां जगत जननी जगदंबा की भव्य पूजा-अर्चना में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस दिव्य अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। भक्तों ने संपूर्ण श्रद्धा और भावनाओं के साथ मां के चरणों में फूलों की माला अर्पित कर दीप जलाए, जिससे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत माहौल बना। इस उत्सव ने सभी को एकता और सामूहिकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू , वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता नंदू निर्मलकर , चमन लाल , देव प्रसाद साहू सरपंच संगीता माखन साहू जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद पंचायत सभापति हरेंद्र घृत लहरे,संतोष देशमुख,यशवंत देशमुख, तोमन साहू देवी प्रसाद साहू ,तोमेश यादव ,गोपी साहू गोलू साहू ,राहुल देशमुख, हरषु देशमुख, वीरेंद्र साहू ,आशा साहू, तुषार साहू, माधवेश साहू वासु देशमुख,देवनारायण ,यमन निषाद, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे ।






### पाटन कॉलेज मे राजनीति विज्ञान परिषद गठित



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता, विभागाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार मंडावी, अतिथि सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर देवांगन, जनभागीदारी प्राध्यापक किरण बंछोर की उपस्तिथि में एम ए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की बैठक आयोजित कर राजनीती विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। परिषद के अध्यक्ष पद पर योगिता पटेल एम ए तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष पद पर आकाश भट्ट एम ए प्रथम सेमेस्टर, सचिव पद पर अल्का चंद्राकर एम ए तृतीय सेमेस्टर, सह सचिव पद पर अंजू चंद्राकर एम ए प्रथम सेमेस्टर, कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे कु इशारानीएम ए तृतीय सेमेस्टर, देहुति एम ए तृतीय सेमेस्टर, विकास साहू एम ए तृतीय सेमेस्टर, रोहन कुमार एम ए प्रथम सेमेस्टर, हितेश कुमार एम ए प्रथम सेमेस्टर, धनेश्वरी एम ए प्रथम सेमेस्टर मनोनीत हुए। उद्बोधन की कड़ी में विभागाध्यक्ष मंडावी ने राजनीति विभाग की वर्ष भर आयोजित होने वाली गतिविधियों व पूर्व की उपलब्धियों को विस्तार से बताये। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ शोभा श्रीवास्तव ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा की परिषद मे पद मिलने का अर्थ है उत्तरदायित्व मिलना। परिषद मे जिन छात्र-छात्राओं को मनोनीत किया गया है।






## अंचल की खबरें

### महाष्टमी में ग्रामीणों ने डाली आहुति



**सेलूद।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम छाटा द्वारा गुरुवार को दुर्गा महाष्टमी मनाया गया। इस अवसर पर हवन पूजन किया गया। पूरा गांव-गांव पूजा कार्यक्रम में शामिल हुआ। वहीं पाटन ब्लॉक के कई गांवों में शुक्रवार की महाष्टमी मनाई जाएगी। ग्राम छाटा में लगातार पिछले 25 वर्षों से कुंवार नवरात्र भव्य रूप से मनाया जाता है। उसी कड़ी में शुक्रवार को महाष्टमी के अवसर पर हवन पूजन किया गया। पंडित परमानंद द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराया गया। इस अवसर पर किशन वर्मा, लालजी साहू, बलराम यादव, अरुण साहू, राम कृष्ण वर्मा, हिरेंद्र वर्मा, लेखराम साहू,पीला लाल चेलक, देवा निषाद, निरंजन यादव, भूषण वर्मा, भगवती साहू, संतोष वर्मा, होरी लाल यादव, सुरेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### निकुम अस्पताल में खुला जन औषधि केन्द्र



**निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर के प्रयास से क्षेत्र के जनता को स्वास्थ्य लाभ व दवाई सुविधा देने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में मुख्य चिकित्साधिकारी निकुम डॉ एनएल बंजारे के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का श्रीगणेश ग्राम सरपंच मुक्ति सुधाकर,पंच भैय्या लाल द्वारा किया गया। वहीं निकुम सहित क्षेत्र के 20 गांवों को इसका लाभ मिलेगा। साहू ने कहा कि मरीजों सस्ती और बेहतर दवाई मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से दंत चिकित्सक धमेन्द्र मारकण्डे ,खण्डविस्तार प्रशिक्षण अधिकारी जीआर भुर्याय , सेक्टर पर्यवेक्षक अमरेशचन्द्र श्रीवास्तव ,ललिता वर्मा, आरत्र कुहिकर, उषा देशमुख सहित कर्मचारी थे।

### आज कुथरेल में रावण दहन



**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व समिति के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को ग्राम कुथरेल में रावण दहन व छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग की प्रस्तुति होगी। दुर्ग जिले में दशहरा को लेकर सबसे ज्यादा प्रसिद्ध ग्राम कुथरेल में आतिशबाजी व रावण पुतला देखने दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। समिति के अध्यक्ष त्रैमेश्वर चंद्राकर ने बताया कि विगत 42 वर्षों से ग्राम कुथरेल में दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दुर्ग जिले के सभी गांव से बड़ी संख्या में लोग दशहरा पर्व में कुथरेल पहुंचते हैं। समिति के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं अध्यक्षता केशव बंटी हरमुख एवं विशेष अतिथि जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, कुथरेल सरपंच राजश्री चंद्राकर रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के उपाध्यक्ष नारायण यादव सचिव लोमस चंद्राकर देवनारायण सोनवानी कोषाध्यक्ष दुष्यंत देशमुख खिलेन्द चंद्राकर भारत यादव संरक्षकगण राजश्री चंद्राकर, लोमश चंद्राकर, रमेश साहू, नरेंद्र दास मानिकपुरी, तामेश्वर दास, नागेन्द्र चंद्राकर, दीनानाथ चंद्राकर, पद्माकर चंद्राकर, देवलाल देवांगन, धर्मेंद्र चंद्राकर, कार्यकारिणी सदस्य, प्रदीप चंद्राकर, मनोज देशमुख, हेमलाल साहू, जितेन्द्र सेन, जितेन्द्र साहू, नीलकमल साहू ,राजेश चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर भावेश चंद्राकर जुटे हुए हैं।

### हॉस्पिटल सेक्टर में रावण दहन आज

**भिलाई।** नवयुवक एकता मंच दशहरा उत्सव समिति हॉस्पिटल सेक्टर द्वारा रविवार 13 अक्टूबर को हॉस्पिटल सेक्टर में दशहरा पर्व व रावण दहन का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक अजीत सिंह, अध्यक्ष मधु हरपाल ने बताया कि 13 अक्टूबर को रावण दहन का कार्यक्रम हॉस्पिटल सेक्टर में संपन्न होगा। इस दौरान संध्या 6 बजे से रामलीला का रंगारंग आयोजन के उपरांत रात्रि 8 बजे रावण दहन का कार्यक्रम आतिश बाजियों के बीच संपन्न होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, अध्यक्षता वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मधु हरपाल ने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


जीवेत शरदः शतम्
मनमीत सिंग जी
मा. तिमिरेंदु शेखर सिंह कंवर जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
13 अक्टूबर
परमजीत सिंग
राहुल कुमार
दलबीर सिंग
प्रशांत तिवारी
इंद्र कुमार (चिन्ना)

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

काली साड़ी में छाईं, 'मंजुलिका'

## लाइव इवेंट

### डांडिया और गरबा ने जमाया रंग, कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया नृत्य



**भिलाई/अंडा।** शैलदेवी कॉलेज अंडा में आयोजित गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि राजन दुबे अध्यक्ष शैलदेवी महाविद्यालय एवं निर्णायक के रूप में रश्मि देशमुख, नृत्य शिक्षिका, शंकराचार्य विद्यालय, सेक्टर– 10 भिलाई थे। महोत्सव में महाविद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने परंपरा, उल्लास और सांस्कृतिक धरोहर का एक अद्वितीय संगम देखा। बीएससी बीएड चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 12 नृत्य समूहों ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों के सांस्कृतिक रंग और पारंपरिक नृत्य कौशल से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा की विविध शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी एवं गुजराती संगीत की धुनों पर थिरकते हुए नर्तकों ने समूचे वातावरण को जीवंत कर दिया। सर्वश्रेष्ठ नृत्य समूह, सर्वश्रेष्ठ परिधान, और सर्वश्रेष्ठ जोड़ी के पुरस्कार दिए गए। निर्णायक सहित स्थानीय सांस्कृतिक विशेषज्ञों के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। नृत्य समूहों की अद्भुत प्रस्तुति गरबा महोत्सव का मुख्य आकर्षण सभी नृत्य समूहों द्वारा दी गई ऊर्जावान और सजीव प्रस्तुतियां रहीं। सभी समूहों ने अपनी-अपनी शैली और जोश के साथ प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने कहा कि गरबा महोत्सव हमारे सांस्कृतिक मूल्य और परंपराओं को जीवंत रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस वर्ष 12 नृत्य समूहों की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी विशिष्ट बना दिया। विजयी नृत्य समूहों और प्रतिभागियों को अध्यक्ष द्वारा नगद राशि से सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार मां तपस्विनी गरबा समूह, द्वितीय पुरस्कार मां कालरात्रि गरबा समूह, तृतीय पुरस्कार भाग्यश्री गरबा समूह, चतुर्थ पुरस्कार कात्यायनी गरबा समूह को एवं अन्य सभी गरबा समूहों को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

■ शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में गरबा, विजेता हुए सम्मानित

## नवदुर्गा महोत्सव का समापन : दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे विधि-विधान से मां भक्ति की आराधना

# जस, भजनों और चल समारोह के बीच मातारानी विदा हुईं, शिवनाथ नदी तट पर देर रात तक होता रहा विसर्जन

मां शक्ति की विशेष आराधना के पर्व नवदुर्गा का शनिवार को विधि-विधान से समापन हो गया। शनिवार को माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला पूरे दिन चलते रहा। पुलगांव स्थित शिवनाथ नदी तट और कुम्हारी स्थित खारून नदी तट पर पूरे दिन पूरे भक्तिभाव से माता की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। इस दौरान जस गायन, माता की आराधना और चल समारोह का भी आयोजन किया गया। माँ के जयकारे वातावरण में गुंजयमान होते रहे। इसके साथ ही हवन की मधुर सुगंध हवा में घुलने के साथ ही मंत्रोच्चार और आरती के स्वर वातावरण को पवित्र करते रहे। मंदिरों, दुर्गा पंडाल, झांकी स्थल के साथ ही जगह-जगह भंडारे भी आयोजित हुए।





### शीतला मंदिर के ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा

**दुर्ग।** कसारीडीह सिविल लाइन में मां सतरूपा शीतला मंदिर में शनिवार को ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।

**भिलाई।** बीते रोज शुक्रवार को भी माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माँ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पहले माता की आरती व पूजा अर्चना की गई। कन्या भोज के साथ प्रसाद का वितरण कराया गया। इसके बाद प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। जहां प्रशासन की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नवमीं के अवसर पर शहर सहित जिले भर के मंदिरों पर कन्याभोज व भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर रात तक श्रद्धालु मंदिर पर पूजा अर्चना करने पहुंचते रहे। शहर की लगभग सभी प्रमुख दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को किया गया। सुबह से ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही माता का काफिला विदाई के लिए रवाना हो गया।





### जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारा

माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था। इसके साथ ही जल सेवा भी की गई। सेंट्रेल एवेन्यू रोड पर जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अलावा पावर हाउस, वैशालीनगर, हाउसिंग बोर्ड, दुर्ग में सत्ती चौरा, गंजपारा, चंडी मंदिर, गांधी चौक, शनिचरी बाजार, सतरूपा शीतला, महाराजा चौक, जेल तिराहा, मालवीय नगर चौक, शहीद चौक, अग्रसेन चौक सहित अन्य जगहों पर भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया।

## सिटी इवेंट

### रेल पथ में काम करने वाले कर्मियों ने की मां काली की आराधना




**भिलाई।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष शनिवार को दोपहर में विजयी दशमी के पावन पर्व पर रेल-पथ पर कार्य करने वाले ट्रैक मेंटेनर इंजीनियरिंग विभाग के रेलवे कर्मचारियों ने मां काली का आराधना की। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर औजार, थर्मामीटर, गेज, लेबल सहित रेल निरीक्षण में काम आने वाली ट्राली की पूजा, अर्चना की गई। काली मां में बकरा बलि की परंपरा का त्याग कर, नींबू अर्पण किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अनुभागीय अभियंता टीआर देवांगन, विवेक वर्मा, राजेश यादव, शफी खान, झुमुक लाल, भगन लाल, सुरेश यादव, विनोद चेलक, ओमप्रकाश तंबोली, सुरेश कुर्रे, नरेंद्र साहू, राम सेवक सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# अग्रसेन जयंती पर महासम्मेलन आज, दुर्ग-भिलाई के भी अग्रवाल होंगे शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का अग्रसेन जयंती पर महासम्मेलन 13 अक्टूबर को रायपुर के एसएन पैलेस में आयोजित है। संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि संगठन का यह भव्य कार्यक्रम हैं।

■ राज्यपाल रमेन डेका, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक संपत अग्रवाल एवं अमर अग्रवाल होंगे शामिल



इसमें राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अमर अग्रवाल एवं संपत अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रदीप मित्तल राष्ट्रीय अध्यक्ष भी शामिल होंगे।संरक्षक महेंद्र सक्सेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि अग्रवाल समाज के सदस्य अग्रसेन जयंती को अपने-अपने नगर एवं शहर में प्रतिष्ठापूर्ण ढंग से मनाते हैं। प्रदेश के सभी अग्रवाल बंधु एक साथ एकत्रित नहीं हो पाते, इसलिए 13 अक्टूबर को पूरे प्रदेश के सभी अग्रवाल समाज के सदस्य एक साथ मिलकर अग्रसेन जयंती मनाने जा रहे हैं। महिला मंडल की हेमलता मित्तल एवं युवा अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने तैयारी की गई है। संगठन के सचिव संजय गर्ग एवं पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस दिन अग्र अलंकरण के आतिथ्य अग्रवाल सभा को भी राज्यपाल महोदय सम्मानित करेंगे।

# दुर्ग में पहली बार 501 जोड़ों के साथ वृहद दादा गुरुदेव महापूजन आज

**दुर्ग ।** नगर में प्रथम बार 501 जोड़े के साथ दादा गुरुदेव महापूजन होने जा रहा है। 13 अक्टूबर को श्री आदिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट एवं रत्नत्रयी वर्षावास समिति में चातुर्मास में भव्य आयोजन राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण पर किया जाएगा। इसकी शुरुआत शुभ मुहूर्त पर 12 :36 मिनट होगी। पावन निश्रा खरतर गच्छाधिपति संघ शास्ता गुरुदेव की आज्ञा अनुवर्तनी महतरा मनोहर की सुशिष्या कीर्तिप्रभा की शिष्या साध्वी दर्शन के सानिध्य में यह कार्यक्रम होगा। अध्यक्ष पदम बरडिया एवं चातुर्मास समिति के संयोजक अमृत लोढ़ा ने बताया कि गुरूवर्या महत्तरा मनोहर की पुण्य तिथि पर रविवार के विजय मुहूर्त में धर्मधरा पर प्रथम बार 500 जोड़े मूर्ति सह दादा गुरुदेव महापूजन भव्य आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग मूर्तिपूजक संघ द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया है। यह एक ऐतिहासिक आयोजन है। इसमें सभी जैन समाज के लोग प्रमुख रूप से शामिल होंगे। आयोजन पूरे दिन चलेगा।



## सिटी इवेंट

### राम मंदिर में शस्त्र पूजा कर मां चंडिका को किया समर्पित

**दुर्ग।** आदित्यवाहिनी दुर्ग ने विजय दशमी पर्व पर मनाया। इस अवसर पर शनिवार को श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम के चरणों में शास्त्रोंक्त विधि से सनातनी शस्त्र पूजन की गई। इसके बाद मां भगवती और नगर देवी मां चंडिका को शस्त्र भेंटकर अराजक तत्वों के दमन कर विश्व कल्याण के लिए मां से प्रार्थना की गई। आदित्य वाहिनी से नारायण शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य, सार्वभौम धर्मगुरु पूरीपीठ शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के द्वारा संस्थापित संस्थान आदित्यवाहिनी द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। भारतवर्ष में छात्र धर्म को पुनः प्रत्येक वैदिक आर्य हिंदू सनातनी के जीवन में हृदयंगम करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। आयोजन में कान्हा दुबे, हिमांशु शुक्ला, प्रदीप साहू, सुरेन्द्र मिश्रा, राम राघव यादव, आशीष शर्मा, अभिषेक अवस्थी, मयंक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर समिति का आयोजन, शोभायात्रा भी निकाली

# अनोखा कन्या भोज, पैरों में लगाया आलता चुनरी ओढ़ाई, श्रृंगार किया, इसके बाद 2800 से ज्यादा कन्याओं को कराया भोजन

कार्नर न्यूज



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी धार्मिक नगरी दुर्ग में सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर समिति द्वारा माता स्वरूप छोटी कन्याओं को भोज कराया गया। इससे पहले शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद पुरानी गंजमंडी में 2800 से ज्यादा कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके पहले इन बालिकाओं का श्रृंगार किया गया। उनके पैरों में आलता लगाया गया। सिर पर चुनरी ओढ़ाई गई। श्रृंगार के सामान दिए गए। चरण स्पर्श कर उनका तिलक किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार दिए गए। इसके बाद पूरे सम्मान से भोजन कराया गया। इस महा कन्याभोज में कन्या माताओं को एक साथ, एक समय एवं एक स्थान में बैठाकर कन्या भोज कराया गया। इसमें 1 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक की कन्यामाताओं को कन्याभोज कराया गया।



### नगर भ्रमण के दौरान फूलों की बारिश

कन्या भोज से पहले 2800 से ज्यादा कन्याओं ने एक साथ नगर भ्रमण किया। इस शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह उन पर फूलों की बारिश की गई। सड़क को ठंडा करने के लिए पूरे शोभायात्रा मार्ग में पानी का छिड़काव किया गया। अलग-अलग टोली बनाकर राजकुमार वर्मा, कन्या ढीमर, श्रद्धा सोनी, मीणा मानिकपुरी, दिनेश साहू, कुलेश्वर साहू, शकुन ढीमर, विजय मनहरे सहित अन्य ने सेवाएं दी। इस प्रकार पूरे भक्तिमय वातावरण में माता की आराधना की गई।

### शहर के 60 वार्डों से कन्याओं को पुरानी गंजमंडी में एकत्रित किया

आयोजक समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में इस वर्ष क्वांर नवरात्र पर्व के अवसर पर यह ऐतिहासिक कन्याभोज कराया गया। कन्याभोज में सबसे पहले सभी कन्यामाताओं दुर्गाधाम पुरानी गंजमण्डी, गंजपारा दुर्ग में 2800 से ज्यादा कन्यामाताओ को अलग अलग वार्डो से एकात्रित किया गया। जहां समिति की महिला सदस्यों ने सभी कन्यामाताओं को पैर में माहुर (आलता) लगाया गया। साथ ही अन्य श्रृंगार किया गया।

### बिस्कट और फल का भी वितरण

शोभायात्रा में कन्या माताओ को पानी, बिस्किट एवं फल का वितरण किया गया। शोभायात्रा के बाद पुरानी गंजमंडी में भोजन कराया गया। 800 मीटर के लंबे पंडाल में चावल, दाल, पूड़ी, सब्जी, हलवा, सेव एवं बूंदी का वितरण किया गया। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, गौतम जैन, गोपाल शर्मा, अशोक राठी, महेश टावरी, नवल अग्रवाल, पायल जैन, ऋषभ जैन, राजेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## उत्कल संस्कृति महिला मंडल ने किया भजन संध्या का आयोजन





**भिलाई।** उत्कल संस्कृति महिला मंडल, सेक्टर 6 श्रीजगन्नाथ मंदिर में नवरात्र की पंचमी तिथि के अवसर पर भजन संध्या के साथ ही गरबा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दास गुप्ता सहित सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं। भिलाई महिला समाज की सभी सदस्याओं सहित ललिता पाठक द्वारा देवी मां की आरती कर आर्शीवाद मांगा। इसके बाद सभी महिलाओं ने मिलकर पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य कर माता रानी को प्रसन्न किया। इस आयोजन में उत्कल संस्कृति महिला मंडल की अध्यक्ष संजू साहू, सचिव अनिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष मिनती रथ, संध्या महापात्र, जुन्नू पात्र, नमिता साहू, कुन्नी साहू, जूली रानी साहू, गीतांजलि साहू, विजयालक्ष्मी साहू, विजयालक्ष्मी पांडा, नमिता त्रिपाठी, प्रतिमा मिश्रा, जोशना मलिक, कन्या राउत, रीना मोहंती, लूसी नायक, इंद्राणी पाढ़ी, सुषमा साहू, रीता रथ, सोनाली रथ, शालिनी रथ, शायलो साहू, ज्योति पांडा सहित उत्कल समिति की की सभी सदस्याओं ने मिलकर गरबा किया। आयोजन के दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल, पत्नी रजनी बघेल सहित प्रतिदिन क्षेत्र के गणमान्य जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

● बालाजी मंदिर में आंध्र साहित्य समिति ने मनाया शारदीय नवरात्र महोत्सव

# लक्ष्मी अवतार देवी पद्मावती को फूलों व आभूषणों से अलंकृत कर की कुमकुम पूजा, सौभाग्य का मांगा वरदान

**भिलाई।** बालाजी मंदिर सेक्टर 5 में आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि महोत्सव धार्मिक सद्भाव से मनाया गया। महोत्सव के अंतिम दिन शाम को बालाजी भवन में बड़ी संख्या में मौजूद समाज की महिलाओं ने एक साथ कुमकुम पूजा कर अखंड सौभाग्य की प्राप्ति तथा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कुमकुम पूजा की। महोत्सव में समिति के अध्यक्ष पीवी राव तथा सचिव पीएस राव खास तौर पर मौजूद थे। पंडित गोपालाचारी तथा पंडित अनिल कुमार के मार्गदर्शन में वैदिक विधि-विधान से की गई इस पूजा में सबसे पहले देवी लक्ष्मी के अवतार देवी पद्मावती के उत्सव विग्रह को फूलों तथा विभिन्न आभूषणों से अलंकृत कर पूजा स्थल पर स्थापित किया गया। उसके बाद सुहागनों ने अपने सामने कुमकुम, चंदन, हल्दी एवं अक्षत भरी थालियां रखकर पद्मावती का आह्वान किया और खुशहाली का वरदान मांगा।







### षठगोपुरम का रहस्य

अध्यक्ष पीवी राव ने षठगोपुरम के रहस्य की परतें खोलते हुए बताया कि यह भगवान के श्रीचरणों का प्रतीक होता है। सब भक्तों का भगवान के श्रीचरणों तक पहुंचना संभव नहीं होता, इसलिए उनके चरणों के प्रतीकस्वरूप षठगोपुरम को भक्तों के सिर से स्पर्श कराया जाता है। महोत्सव के आयोजन में समिति के उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, सहसचिव एनएस राव, कार्यकारिणी सदस्यों जेके राजू, दुर्योधन रेड्डी, आर श्रीनिवास राव, एलएन राव, गोविंद राव, जीवीकेएम रेड्डी एवं श्रीधर समेत पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

### भगवान का मंगल स्नान

महोत्सव के आखिरी दिन सुबह भगवान बालाजी की मंत्रोच्चार के बीच सनातन पद्धति से नित्य आराधना की गई। इसके अंतर्गत पहले भगवान बालाजी को मंगल स्नान कराया गया और उसके बाद अभिषेक किया गया। पूरे नौ दिन चले इस महोत्सव में पंडित गोपालाचारी ने भगवान के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे भक्तगणों के शीर्ष पर नित्य की भांति बालाजी के रजत निर्मित रत्नजड़ित षठगोपुरम रखकर आशीर्वाद दिया, ताकि भक्तों के मन में न तो बुरे विचार पनपें और न ही वे अकाल मृत्यु को प्राप्त हो सकें। बता दें कि षठगोपुरम के ऊपरी भाग में भगवान के श्रीचरणों की नक्काशी की गई होती है।

**सिटी लाइव**

## बच्चों व महिलाओं ने गरबा कर जीता बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार



**भिलाई।** मां मनोकामना मंदिर प्रांगण कैलाश नगर में प्रतिवर्ष आयोजित सार्वजनिक गरबा रास का समापन नवरात्रि के अष्टमी के दिन हुआ। तीन दिवसीय गरबा रास के आयोजन में समस्त कैलाशनगर वासियों ने पूरे भक्ति व श्रद्धा के साथ मां जगदम्बे की आराधना की। इस आयोजन में मंदिर प्रांगण में आयोजित मां मनोकामना मंदिर समिति व सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति कैलाश नगर के सदस्यों ने भी विशेष सहयोग दिया। भिलाई नगर निगम की एमआईसी सदस्य नेहा साहू ने सभी कैलाश नगर वासियों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए आभार जताया। आयोजन के दौरान महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों के लिए बेस्ट ड्रेस व बेस्ट गरबा में घोषित विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गरबा रास के अंतिम दिन कोरियोग्राफर दीपक द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। कैलाश नगर की विभिन्न गरबा ग्रुप ने प्रतिभागी के रूप में गरबा की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया।गरबा के सुचारू आयोजन के लिए गीता रेड्डी, संतोषी राव, नीलम, विभूति चौबे, माधुरी साहू, संगीता चौधरी, गीता चौधरी, नीतू सिंह, खुशबू, बबली विश्वकर्मा, पूजा यादव, अंजू प्रसाद, हर्षा, लकीता, रूपेंद्र व वैभव साहू द्वारा अपनी उपस्थिति के साथ ही सहयोग प्रदान किया।

**परंपरा...**

## छत्तीसगढ़ के पारंपरिक आभूषणों से कन्याओं का किया श्रृंगार, कराया भोज



**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था भिलाई द्वारा नवरात्र के अवसर पर कन्याओं का श्रृंगार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गहनों से किया और उन्हें कन्या भोज कराया। समिति की अध्यक्ष शान्ता शर्मा छत्तीसगढ़ी ने अपनी पूरी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक यात्रा में तीसरे चरण में बस्तर संभाग जिला दन्तेवाड़ा से नव कन्याओं को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ी गहनों से कन्याओं का सोलह श्रृंगार कर उन्हें उपहार दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक साड़ी लुगरा, चुनरी, गजरा, मांग टिका, टिकली, काजल, झुमका, रूपीया माला, मुंदरी, नेलपालिश, चुरी, करधन, साटी, माहुर लगाकर टिका आरती कर कन्या भोजन कराया।

शांता ने बताया कि 18 जून 2018 से उन्होंने अपनी सांस्कृतिक यात्रा दंतेवाड़ा के ग्राम नारकालो जिला अम्बिकापुर, सरगुजा संभाग से किया। शांता दो संभाग में दस जिलों की यात्रा पूर्ण कर चुकी हैं उनकी यात्रा का थीम पूर्ण छत्तीसगढ़ी अपनाव और नशा व कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के उपदेशों को ले कर चल रही है। उनकी संस्था द्वारा आगे आने वाली पीढ़ी को छग की परंपरा को बचाये रखने व संस्कृति को सहेजने के लिए कन्याओं को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेषभूषा व आभूषण भेंट में दिया गया है। छत्तीसगढ़ी श्रृंगार भेंट देने का यह 7वां वर्ष है। इस वर्ष संस्था ने यह भेंट टुमारोज फाउंडेशन बालगृह (बालिका) के अधिक्षिका विद्या सरकार ने दन्तेवाड़ा में किया।

### इन गहनो की मुख्य विशेषता

शांता छत्तीसगढ़िया ने गहनों की विशेषता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के सबसे प्रमुख गहना बन्दा या रूपीया मोहर मूल रुप से छत्तीसगढ़ी में डिजाइन किया गया है, जिसे शांता शर्मा ने स्वयं डिजाइन किया है, सिक्के के एक पहलू में छत्तीसगढ़ी में जय छत्तीसगढ़ महतारी छत्तीसगढ़ी में लिखा है और सात सितारों में छत्तीसगढ़ की सात महान विदुषी महिलाओं को समर्पित किया गया है जिनमें माता कौशल्या, करमा माता, मिनी माता, अवंती बाई लोधी, रानी दुर्गावती, राज मोहिनी देवी, गायत्री देवी शर्मा को समर्पित किया गया है, वहीं गहने की दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की प्राचीन भाषा गोंडी में जय छत्तीसगढ़ महतारी लिखने के साथ ही गुरू घासीदास, सुंदरलाल शर्मा, खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल, मदनलाल शर्मा को समर्पित कर धान की बालीयों को भी दर्शाया गया है।

**सेक्टर-6 कालीबाड़ी में आयोजन**


## बंगाली दुर्गा की सिंदूर खेला के साथ आज होगी विदाई





**भिलाई।** बंगाली दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 13 अक्टूबर को किया जाएगा। दुर्ग-भिलाई की अलग-अलग काली बाड़ियों में 9 अक्टूबर को षष्ठी के दिन माता की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिदिन विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। सेक्टर-6 कालाबाड़ी में मुख्य आयोजन किया गया। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में माता के भक्त पहुंचते रहे। आयोजकों ने बताया कि 13 अक्टूबर को माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। माता की विदाई के दौरान सिंदूर खेला का आयोजन किया जाएगा।

### सेक्टर 5 में मां चंद्रघंटा के दर्शन होंगे



**भिलाई।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सेक्टर 5 में मां चंद्रघंटा की मूर्ति की स्थापना की गई है। यहां बीते 11 वर्षो से माता की मूर्ति की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा ज्योति कलश की स्थपना की गई है। वहीं पांच वर्षो से विधायक देवेन्द्र यादव के उज्वल भविष्य के लिए रखी गई है। समिति अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने बताया कि जब से माता की मूर्ति की स्थापना यहां की गई है। प्रतिदिन भोग भी यहां कराया जाता है। संरक्षक के रुप में सौरभ मिश्रा है।

**समाज इवेंट**

## एवरग्रीन लेडीज ग्रुप की सदस्याएं बनीं लकी ड्रा विजेता



**भिलाई।** एवरग्रीन लेडीज ग्रुप गणपति विहार बोरसी की महिलाओं द्वारा बड़े धूमधाम से तीन दिवसीय गरबा महोत्सव मनाया गया। गरबा महोत्सव के प्रथम दिन माता की पूजा और आरती के साथ गरबा महोत्सव की शुरुआत हुई।इस दौरान महिलाओं, युवक, युवतियों एवं बच्चों द्वारा रास गरबा महोत्सव में गरबा नृत्य बड़े ही आकर्षक और रंगीन रोशनी से भरे हुए पंडाल में किया गया। आयोजन के लिए गरबा पंडाल को खूबसूरत ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम को रोचक बनाने और निवासियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए लकी ड्रा निकाले गए जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डाक्टर मंजूषा नामदेव ने बताया कि पहले दिन के कार्यक्रम में गरबा के तीन लकी ड्रा 1 के विजेता नीलम देवांगन, मंजू परगनिया और गिन्नी साहू रहे। लकी ड्रा कूपन 2 के विजेता ममता शर्मा, राज ठाकुर और दुर्गेश साहू रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समिति की सदस्यों में अर्चना, मंजू चन्द्राकर, दीप्ति सुकतेल, मंजुलता धृतलहरे, वर्षा साहू, सोमिन कलिहारी ,आभा शर्मा, ममता यादव, निहारिका देवांगन, नेहा साहू सारिका दुबे, विनिता पुरोहित, सुनिता यादव, योगिता यादव की सक्रिय भूमिका रहीं।



**दशहरा पर्व का बताया महत्व व दी जानकारी**

# दशमी पर मनाये जाने वाला पर्व दशहरा केवल एक रस्म ही नहीं, बल्कि एक संकल्प हैः आचार्य डॉ. अजय

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** शनिवार को दशहरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ सभी स्थानों में मनाया गया। इस संदर्भ में आर्य समाज में आयोजित हवन व प्रवचन के दौरान आचार्य डॉक्टर अजय आर्य ने दशहरे मनाने का उद्देश्य व संदेश की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दशहरा एक रस्म नहीं है संकल्प है। आजकल हम सभी दशहरा मनाते हुए एक रस्म निभाने जैसा करते हैं। दशहरा रस्म नहीं है संकल्प है। यह संकल्प है कि दुनिया में बुराई कभी जीतता नहीं है। अहंकार कभी टिकता नहीं है। रावण सर्वगुण संपन्न और शक्तिशाली होने के बाद भी अधर्म का अनुसरण करने पर राम के हाथों मारा जाता है।



### रावण के गुण

हम सब फोन को चलाते हुए भूल जाते हैं कि रावण के अंदर भी बहुत सारे गुण थे। धर्म के रास्ते पर चलने के कारण उसके गुणों का कोई मूल्य नहीं रह गया। सीता-माता का हरण नारी जाति के अपमान का प्रतीक है। नारी का अपमान करने वाला कोई भी हो वह नष्ट होता ही है। रावण एक कुशल राजनीतिज्ञ, व्यापारी, महायोद्धा, चित्रकार और संगीतज्ञ था। रावण ने शिव तांडव स्त्रोत की रचना की थी। रावण ने प्राकृत कामधेनु, प्राकृत लंकेश्वर, रावणीयम नाड़ी परीक्षा जैसे कई ग्रंथों की रचना की। रावण एक महान कवि था और वीणा बजाने में भी पारंगत था। रावण को कई तरह की तंत्र विद्याएं आती थीं। रावण के पास अनेकों अमोघ शक्तियां थीं। रावण अपने समय का सर्वश्रेष्ठ विद्वान एवं सर्व शक्तिशाली राजा था। राम ने अपने नैतिक बल तथा उच्च चरित्र के कारण उसे पर विजय प्राप्त की थी।



### राम के छह गुण

रामायण में राम के छह गुणों का वर्णन है। दयालुता, करुणा, विद्धत्ता, सच्चरित्रता, आत्म संयम एवं शांत स्वभाव राम के ये 6 गुण हैं। इन गुणों ने ही राम को राम बनाया था। रामायण में वर्णन है कि राम प्रतिदिन उपासना करते थे। राम के संध्या करने का वर्णन अनेक जगहों पर आया है। बालकांड में लिखा है कि राम भजनों के पलक तथा धनु विद्या के जानकार थे।

**दशहरे पर 10 संकल्प**

आचार्य ने अनुरोध किया कि दशहरे के दिन हम सभी को 10 संकल्प लेने चाहिए जिससे हम अपने समाज के रावण को मिटा सके। उन्होंने कहा कि आजकल लोग रावण को ऊंचा कर रहे हैं कहीं 200 फीट कहीं ढाई सौ फीट का रावण बनाया जा रहा है। रावण को नहीं राम को ऊंचा करने का प्रयत्न करना चाहिए। पहला संकल्प प्रतिदिन ईश्वर को स्मरण करें। प्रतिदिन सोने से पहले अपने मन कर्म को याद करें। प्रतिदिन एक अच्छा काम करने का प्रयत्न करें। पर्यावरण के लिए कोशिश करें। पौधे को पानी दे नए पौधे लगाए। जरुरतमंदों की मदद अवश्य करें। नारी जाति का सम्मान करें। लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करें। स्वाध्याय करें। सामाजिक जीवन के लिए पारिवारिक रिश्तो को सहेजने का प्रयत्न करें। अंत में अंकित शास्त्री ने मंत्र का उच्चारण किया। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण एवं मंत्री प्रवीण गुप्ता ने सभी को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं दी।

विविध

# थकान होने के बाद भी नहीं आती है नींद? जानिए ऐसा होने के क्या हैं कारण



दिनभर मेहनत करने के बाद आम तौर पर लोग घर आते ही सो जाते हैं। हालांकि, कई ऐसे लोग भी होते हैं, जो थकावट महसूस करने के बावजूद भी रात के वक्त सो नहीं पाते। रात के समय नींद न आने के कई कारण हो सकते हैं। जब हमारी नींद पूरी नहीं होती है, तो हमारा स्वास्थ्य बुरी तरह से प्रभावित हो जाता है। आइए थकान होने के बाद भी नींद न आने के मुख्य कारण जानते हैं।

## दिन में सोना

कई लोगों को दिन के समय सोने की आदत होती है। यह आदत भी रात को नींद न आने का कारण हो सकती है। नेचर एंड साइंस ऑफ स्लीप में प्रकाशित शोध के अनुसार, दोपहर की झपकी आपकी सोने की इच्छा को कम करके रात की नींद को बाधित करती है। दिन में सोने के कारण आपका शरीर थकने के बाद भी सोने के लिए तैयार नहीं होगा। इस समस्या से बचने के लिए दोपहर के वक्त सोना छोड़ दें।

## देर रात तक मोबाइल चलाना

आज के समय में मोबाइल लोगों की आदत बन गया है। लोग दिनभर काम करके थकने के बाद भी रात को बिस्तर पर लेट कर मोबाइल चलाते रहते हैं। यह एक बुरी आदत है, जो आपकी नींद को प्रभावित कर सकती है। फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी नींद को नियंत्रित करने वाले हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डालती है, जिसके कारण आपको सोने में कठिनाई हो सकती है।

## अनिद्रा

अनिद्रा नींद से जुड़ी एक आम समस्या है, जिसके कारण सोना मुश्किल हो जाता है। जिन लोगों को यह बीमारी होती है, वे थकान होने के बाद भी सो नहीं पाते हैं। अनिद्रा होने पर लोग चिंताजनक ख्यालों और नकारात्मक विचारों में खो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप उनकी नींद की गुणवत्ता बिगड़ जाती है या उनकी नींद आसानी से टूट जाती है।

## मानसिक तनाव या अवसाद

हमारे मानसिक स्वास्थ्य का हमारी नींद पर सीधा प्रभाव पड़ता है। जिन लोगों को किसी बात की चिंता सता रही होती है या वे नकारात्मक ख्यालों में खोए होते हैं, उन्हें रात को नींद नहीं आती। तनाव होने पर हमारा शरीर कोर्टिसोल जैसे हार्मोन जारी करता है, जो आपको सतर्क रखते हैं और आपकी नींद को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, अवसाद के कारण रात में दिमाग अधिक सक्रिय हो जाता है, जिसके कारण नींद में बाधा आ सकती है।

# भीगे बादाम बनाम भीगी मूंगफली: दोनों के सेवन से मिलते हैं स्वास्थ्य लाभ

सूखे मेवों को नाश्ते का अच्छा विकल्प माना जाता है क्योंकि ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इन्हीं में शामिल मूंगफली और बादाम भी कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं, खासतौर से अगर आप इन्हें रातभर पानी में भिगोए छोड़कर अगली सुबह खाली पेट इनका सेवन करते हैं। आइए जानते हैं कि भीगी मूंगफली और भीगे बादाम से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**दोनों में कितना पोषण होता है :** 7 से 8 भीगी मूंगफली प्रोटीन, पॉलीफेनोल्स, फाइबर, कार्ब्स, एंटी-ऑक्सीडेंट, स्वस्थ वसा और कई आवश्यक फैटी एसिड जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। दूसरी ओर 3 से 5 भीगे बादाम का सेवन करने से कैल्शियम, फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, जिंक, विटामिन-E, कई फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त पानी में भिगोने से इन दोनों सूखे मेवों का सेवन शरीर को ठंडक भी प्रदान कर सकता है।

**भीगी मूंगफली के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ :** भीगी मूंगफली में स्वस्थ वसा के साथ-साथ रेस्वेराट्रोल नामक एंटी-ऑक्सीडेंट होता है, जो शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड के उत्पादन को बढ़ाकर हार्ट अटैक और कई हृदय संबंधी समस्याओं से राहत दिला सकते हैं। इसमें भारी मात्रा में फोलिक एसिड मौजूद है, जो महिलाओं में फर्टिलिटी को बेहतर बना सकता है। इसके अतिरिक्त भीगी मूंगफली में मौजूद स्वस्थ वसा और कार्बोहाइड्रेट मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और खून में शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

**भीगे बादाम के फायदे :** शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर भीगे बादाम ऑक्सीडेटिव तनाव से होने वाले नुकसानों से बचाने में मदद कर सकते हैं। ये खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकते हैं। भीगे बादाम में कम कार्ब्स और उच्च फाइबर होता है, जो वजन प्रबंधन में सहायता प्रदान कर सकता है।

## रसोई की कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें खाने पर पेट सही तरह से साफ हो सकता है

# कब्ज से तुरंत राहत दिलाती हैं घर की ये चीजें रात में खाएंगे तो सुबह पेट आसानी से हो जाएगा साफ

खानपान सही ना हो तो उसका सीधा असर पेट पर पड़ता है। खानपान में फाइबर की कमी, शरीर में पानी की कमी, तनाव होना, पूरी नींद ना लेना या फिर जीवनशैली के एक्टिव ना होने पर कब्ज की दिक्कत हो सकती है। कब्ज होने पर मलत्याग करने में परेशानी होने लगती है। मल कड़ा हो जाता है जिससे बहुत देर तक टॉयलेट में बैठे रहने के बाद भी पेट सही तरह से साफ नहीं हो पाता है। ऐसे में रसोई की कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें खाने पर पेट सही तरह से साफ हो सकता है। इन चीजों का सेवन कब्ज की समस्या से निजात दिलाने में असरदार होता है और पेट को अच्छी तरह साफ कर देता है।



### अलसी के बीज

कब्ज से राहत पाने के लिए अलसी के बीज खाए जा सकते हैं। अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं जिस चलते मल में भारीपन आता है और कब्ज की दिक्कत दूर होती है। इसके अलावा अलसी के बीज नेचुरल लैक्सेटिव की तरह भी काम करते हैं जिससे मल मुलायम होने लगता है। भुने हुए अलसी के बीजों को दही के साथ भी खाया जा सकता है।

### घी और दूध

रात के समय गर्म दूध में घी मिलाकर पिया जाए तो अगली सुबह पेट आसानी से साफ हो जाता है। एक कप गर्म दूध में एक चम्मच घी डालकर मिलाएं और गर्म-गर्म ही पिएं। इससे मेटाबॉलिज्म बेहतर होने में भी असर दिखता है।

### आंवले का रस

कब्ज से राहत पाने के लिए आंवले के रस का सेवन किया जा सकता है। आंवले के रस से पाचन बूस्ट होता है और कब्ज दूर होती है। सेवन के लिए एक गिलास पानी में 2 चम्मच आंवले का रस मिलाएं और खाली पेट पिएं। रात में नहीं तो सुबह उठने के बाद आंवले के रस को पानी में डालकर पिएं। इससे कब्ज की दिक्कत ठीक हो जाती है।

### पीते रहें पानी

शरीर में पानी की कमी से भी कब्ज हो जाती है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना जरूरी है। पानी के अलावा नारियल पानी, फलों और सब्जियों के जूस और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें।

### हरी सब्जियां

अपनी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करें। हरी सब्जियों में पालक, ब्रुसेल स्प्राउट्स और ब्रोकोली का सेवन किया जा सकता है। इनमें फाइबर, विटामिन सी और फोलेट की भरपूर मात्रा होती है जो मल का भारीपन बढ़ाने में असरदार हैं।

### गुड़ और घी

लंच करने के बाद गुड़ और घी का सेवन किया जा सकता है। इससे पाचन बूस्ट होता है और कब्ज से राहत मिल जाती है। शरीर से गंदे टॉक्सिंस निकालने के लिए भी घी और गुड़ को साथ खाया जा सकता है।

# स्लिप डिस्क की समस्या से राहत दिलाते हैं ये योगासन, दर्द से मिलेगा छुटकारा

स्लिप डिस्क को हर्नियेटेड डिस्क कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें रीढ़ की हड्डियों के बीच कुछ गैप आ जाता है। इस कारण कमर और पीठ में असहनीय दर्द होने लगता है। स्लिप डिस्क की शिकायत घंटों गलत पोस्चर में बैठने, गलत लाइफस्टाइल और खानपान के कारण हो सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में लगभग 80 फीसदी युवा स्लिप डिस्क की समस्या से परेशान हैं। स्लिप डिस्क की समस्या से छुटकारा पाने का आखिरी इलाज ऑपरेशन को माना जाता है। लेकिन, समय रहते इस समस्या को पहचान कर सही इलाज करके रोकथाम की जा सकती है। स्लिप डिस्क की समस्या में योग असरदार इलाज प्रक्रिया है। स्लिप डिस्क के कारण होने वाले असहनीय दर्द को कम करने के लिए कुछ योगासनों का अभ्यास फायदेमंद हो सकता है।



### शवासन

इस आसन से शरीर और आंतरिक ऊर्जा बेहतर होती है। इसे किसी भी योगाभ्यास के बाद सबसे आखिर में किया जाता है। स्लिप डिस्क के कारण होने वाले दर्द को कम करने के लिए शवासन का अभ्यास कर सकते हैं।

### शलभासन

शलभासन के अभ्यास से स्लिप डिस्क और कमर दर्द से राहत मिलती है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल जमीन पर लेटकर रीढ़ की हड्डी को मोड़ा जाता है। आसन को सही तरीके से करने से कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

### भुजंगासन

इस आसन से रीढ़ की ऊपरी हड्डियों पर दबाव पड़ता है। कमर दर्द से राहत और शरीर को लचीला बनाने में भुजंगासन का अभ्यास असरदार है। इस आसान के अभ्यास के दौरान शरीर का आकार फन उठाए सांप जैसा होता है।

# बंद नाक से हैं परेशान तो यहां जानिए कैसे दूर की जा सकती है दिक्कत

मौसम में बदलाव हो या फिर बहुत ज्यादा देर एसी की हवा में उठना-बैठना, सर्दी या जुकाम लगते देर नहीं लगती है। जुकाम होता है तो नाक भी बंद हो जाती है। नाक बंद होने पर सांस लेने में तो दिक्कत होती ही है, साथ ही इससे असहजता होती है और चैन से उठना-बैठना भी मुश्किल होने लगता है। ऐसे में इस बंद नाक को ठीक करने में कुछ बातों को ध्यान में रखा जा सकता है। इन तरीकों को आजमाने पर बंद नाक से छुटकारा मिलता ही है, साथ ही जुकाम दूर होता है सो अलग।

### बंद नाक के घरेलू उपाय

**भाप लें :** बंद नाक को खोलने के लिए भाप ली जा सकती है। भाप लेने के लिए अगर आपके पास स्टीमर ना हो तो किसी बर्तन में गर्म पानी डालें और इसके सामने झुककर सिर पर तौलिया रख लें। इससे बंद नाक खुलने में मदद मिलती है। इस भाप वाले पानी का असर बढ़ाने के लिए कोई एसेंशियल ऑयल भी उसमें डाला जा सकता है।

**मसालेदार खाना :** खाने-पीने की मसालेदार चीजों से भी बंद नाक से छुटकारा मिल सकता है। बंद नाक खोलने के लिए तीखी चीजें जैसे मिर्च, लहसुन और अदरक का सेवन करें। इससे नाक खुलने में मदद मिलती है। खाने की इन चीजों में गर्माहट होती है जिससे नाक खुलने में मदद मिलती है।



### सीधे लेटकर सोएं

नाक अगर भरी हुई महसूस होती है तो पेट के बल सिर नीचे करके सोने के बजाय सिर को ऊपर की तरफ रखकर पीठ के बल सोएं। इससे नाक का म्यूकस अंदर की तरफ जाता है और नाक भरी हुई महसूस नहीं होती है।

### गर्म सिंकाई

गर्म पानी में कपड़ा डुबोकर और निचोड़कर नाक पर रखकर सिंकाई करने से भी बंद नाक से छुटकारा मिलता है। इससे नाक के आस-पास का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। नाक बंद हो तो बार-बार सुड़कने से लाल नजर आने लगती है। ऐसे में गर्म सिंकाई से इंफ्लेमेशन भी कम होने लगती है।

### पिएं हर्बल टी

अदरक, हल्दी, लौंग या फिर तुलसी वाली हर्बल टी पीने पर भी बंद नाक की दिक्कत से छुटकारा मिल सकता है। इससे श्वसन नली साफ होती है और सांस लेने में हो रही परेशानी से भी राहत मिलती है। गर्म-गर्म हर्बल टी दिन में 2 से 3 बार पी जा सकती है।



# बच्चों की लंबाई बढ़ाने के मदद करेंगे ये 5 बीज, सेहत का भी रखेंगे पूरा ध्यान

बच्चों की डाइट में अगर कुछ चीजों को शामिल कर दिया जाए तो उनकी हाइट ग्रोथ में काफी मदद मिलती है। आज ऐसे ही 5 बीजों के बारे में जानते हैं जो लंबाई बढ़ाने के साथ उनकी सेहत का भी पूरा ध्यान रखेंगे।

किसी भी व्यक्ति की हाइट का उसकी पर्सनेलिटी पर बहुत ही गहरा असर पड़ता है। ऊंचा-लंबा कद पर्सनालिटी में चार चांद लगा देता है। हाइट का असर पर्सनेलिटी पर तो पड़ता ही है, साथ ही इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यूं तो हाइट का बढ़ना हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि ये बॉडी के हार्मोन्स पर डिपेंड करता है कि किसकी हाइट कितनी होगी। लेकिन इसके बावजूद पेरेंट्स अगर बचपन से ही ध्यान दें तो खानपान में कुछ चीजों को शामिल कर के, बच्चे की हाइट ग्रोथ को इंप्रूव कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे सीड्स के बारे में बताने वाले हैं, जो बच्चों की हाइट को बढ़ाने में काफी हेल्पफुल होंगे।

**चिया सीड्स से बढ़ेगी बच्चों की हाइट :** कैल्शियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर चिया सीड्स, हेल्थ के लिहाज से कई तरह से बेनिफिशियल है। चिया सीड्स बच्चों की हाइट को बढ़ाने में भी मदद करता है। अगर बचपन से ही बच्चों को अलग-अलग तरीके से चिया सीड्स का सेवन कराया जाए तो उनकी हाइट और हेल्थ दोनों पर इसका पॉजिटिव इंपैक्ट देखने को मिलता है। इस हेल्दी सीड को खाने से हड्डियां भी मजबूत होती है, साथ ही इससे स्किन भी ग्लो करता है।



**सोयाबीन सीड्स :** अपने सुना ही होगा कि सोयाबीन हमारे शरीर के लिए बहुत हेल्दी होती है। इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, और कैल्शियम पाया जाता है। इसके सेवन से हड्डियों को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही ये हाइट बढ़ाने में भी मदद करती है। बच्चों की अच्छी ग्रोथ के लिए उन्हें दिन भर में कम से कम 40 ग्राम सोयाबीन के बीज का सेवन करना चाहिए।

**तिल के दाने :** तिल स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। इसे कई प्रकार से खाया जा सकता है। इसके अलावा तिल का तेल भी खाने में इस्तेमाल किया जाता है। तिल में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को मजबूती देते हैं और रेड ब्लड सेल्स को बढ़ाते हैं। इसके अलावा तिल का सेवन करने से शरीर की इम्युनिटी भी मजबूत होती है। नियमित तौर पर तिल का सेवन करने से हाइट भी बढ़ती है।

### कद्दू के बीज

कद्दू की सब्जी तो सभी खाते हैं। लेकिन कद्दू के बीज से जुड़े फायदे के बारे में बहुत कम ही लोग जानते हैं। दरअसल, कद्दू के बीज में प्रचुर मात्रा में कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है, जो शरीर की हड्डियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। इसके अलावा कद्दू के बीज हाइट बढ़ाने में भी मदद करते हैं।

### अलसी के बीज

अलसी में प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा 3 एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ये हमारे शरीर के साथ-साथ स्किन और बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा ग्रोइंग एज के बच्चों के लिए अलसी बहुत ही बेनिफिशियल है। चाहे इसका सेवन किया जाए या फिर इसके तेल से शरीर की मालिश की जाए दोनों ही तरीकों से ये काफी फायदेमंद है। इससे हड्डियों को मजबूती मिलती है और बच्चों का शारीरिक विकास तेजी से होता है।

कार्नर न्यूज

## स्तन कैंसर के कारण विश्वभर में 670,000 मौतें

# हर साल छह लाख से अधिक महिलाओं की कैंसर के कारण हो जाती है मौत, बचाव के लिए आज से ही शुरू करें ये उपाय

*कैंसर के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। पुरुषों में प्रोस्टेट और लंग्स, जबकि महिलाओं में स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए जाते हैं। वैश्विक आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि स्तन कैंसर के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्तन कैंसर दुनियाभर में दूसरा सबसे आम और महिलाओं में होने वाले कैंसर में टॉप पर है। साल 2022 में महिलाओं में स्तन कैंसर के करीब 23 लाख नए मामले सामने आए, वहीं स्तन कैंसर के कारण विश्वभर में 670,000 मौतें हुईं। यहां जानना जरूरी है कि महिलाओं के साथ पुरुषों में भी स्तन कैंसर का खतरा हो सकता है, हालांकि ऐसे मामले काफी दुर्लभ हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्तन या ब्रेस्ट कैंसर को लेकर सभी महिलाओं को कम उम्र से ही सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। कम उम्र में भी आप इसका शिकार हो सकती हैं। जिन महिलाओं के परिवार में पहले किसी को स्तन कैंसर हो चुका है, उनमें इसका खतरा अधिक होता है। कम उम्र से ही स्तन कैंसर से बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।*



### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कुछ आसान से उपायों को अपनाकर आप स्तन कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकती हैं। इसके लिए नियमित व्यायाम जरूरी है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहकर न केवल आप वजन को नियंत्रित कर सकती हैं, साथ ही ये हार्मोनल असंतुलन को भी कम करता है। दिन में 30 मिनट की नियमित शारीरिक गतिविधि स्तन कैंसर के खतरे को कम करती सकती है। अगर आप नियमित व्यायाम करती हैं तो इससे कई अन्य प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का भी खतरा कम हो सकता है।

### एंटीऑक्सीडेंट आहार का सेवन

फल-सब्जियां, साबुत अनाज और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर आहार का सेवन करना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। वसा, शर्करा और तले हुए भोजन नुकसानदायक माने जाते हैं। स्वस्थ वजन बनाए रखने के साथ कैंसर को जोखिमों से बचाव के लिए भी आपके लिए पौष्टिक आहार के सेवन से मदद मिल सकती है। एंटीकैंसर और एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजें संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में मददगार हैं।

### धूम्रपान-शराब से बिल्कुल दूरी बनाएं

धूम्रपान-शराब दोनों के कारण हमारी सेहत को गंभीर क्षति होने का जोखिम रहता है। इसे स्तन कैंसर के लिए भी एक कारक माना जाता है। शोध से पता चलता है जो महिलाएं अक्सर शराब पीती हैं या धूम्रपान करती हैं उनमें अन्य की तुलना में स्तन कैंसर का खतरा अधिक होता है। धूम्रपान न केवल स्तन कैंसर, बल्कि अन्य प्रकार के कैंसर का भी कारण बन सकता है। धूम्रपान से पूरी तरह से दूर रहना चाहिए।



### क्यों होता है स्तन कैंसर?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाले सबसे सामान्य प्रकार के कैंसर में से एक है। इसके कारण कई प्रकार के होते हैं। आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारकों के साथ दिनचर्या की गड़बड़ी भी इसका खतरा बढ़ाने वाली मानी जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि हार्मोनल असंतुलन जैसे एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन्स का स्तर बढ़ जाने के कारण स्तन कैंसर होने का खतरा अधिक हो सकता है। इसके अलावा मोटापा को भी इसका जोखिम बढ़ाने वाला पाया गया है। अत्यधिक शराब पीने या धूम्रपान करने से भी आप इसका शिकार हो सकती हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मेट गाला 2025 में पुरुषों का जलवा देखने को मिलेगा



दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फैशन इवेंट 'मेट गाला' पर सबकी नजरें टिकी रहती हैं। इस फैशन इवेंट में बॉलीवुड की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल होती हैं। अब तक प्रियंका चोपड़ा से लेकर दीपिका पादुकोण रेड कार्पेट पर जलवा दिखा चुकी हैं। अब मेट गाला 2025 को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेट गाला 2025 अगले साल 5 मई को न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में शानदार वापसी करने के लिए तैयार है। 2025 मेट गाला का थीम 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' है, जो Black dandyism की अवधारणा को दर्शाता है। ये थीम मोनिका एल मिलर की 2009 की किताब 'स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी' से प्रेरित है। वोग के अनुसार, मेट गाला 2025 ये दर्शाएगा कि कैसे अश्वेत लोग गुलाम बनाए गए। डैंडीज्म एक सांस्कृतिक और स्टाइल आंदोलन है, जिसकी शुरुआत 19वीं सदी के ब्रिटेन में हुई थी। मालूम हो कि साल 2003 के 'मेन इन स्कर्ट्स' के बाद ये पहली बार है, जब मेट की कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट की थीम पूरी तरह से पुरुषों पर केंद्रित है। वोग ने आगामी मेट गाला 2025 के मेजबानों का भी खुलासा किया है। कोलमैन डोमिंगो, लुईस हैमिल्टन, एसैप रॉकी, फैरेल विलियम्स और अन्ना विंटोर इस इवेंट की कमान संभालेंगे।

### टॉलीवुड

## इंस्टाग्राम पर सिर्फ इस एक शख्स को फॉलो करते हैं अल्लू अर्जुन



साउथ फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के अभिनय के लोग दीवाने हैं। 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा' ने एक्टर को पैन इंडिया स्टार बना दिया। हिंदी बोलने वाले राज्यों में भी आज अल्लू अर्जुन की कमाल की फैन फॉलोइंग है। पिछले साल नेशनल अवॉर्ड विनर अल्लू अर्जुन फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अल्लू अर्जुन सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैंस से जुड़े रहते हैं। वह इंस्टाग्राम पर अपनी सारी लेटेस्ट अपडेट साझा करते हैं। इस सोशल नेटवर्किंग साइट पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं, लेकिन वो इंटरनेट की इस बड़ी दुनिया में सिर्फ और सिर्फ एक ही इंसान को फॉलो करते हैं। 'पुष्पा'फेम सुपरस्टार न एक्टिंग, न पॉलिटिक्स और न ही स्पोर्ट्स जगत के किसी भी सितारे को फॉलो करते हैं। वह पूरी दुनिया में सिर्फ और सिर्फ अपनी पत्नी अल्लू स्नेहा रेड्डी को फॉलो करते हैं। अल्लू अर्जुन के इंस्टाग्राम पर 26.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं, लेकिन उनकी फॉलोइंग लिस्ट में सिर्फ एक ही नाम है जो उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी का है। एक्टर ने सोशल मीडिया पर अबतक कुल 620 पोस्ट शेयर किए हैं। पुष्पाराज यानी अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म 'गंगोत्री'से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। अगले ही साल वो 'पुष्पा'के डायरेक्टर सुकुमार की फिल्म 'आर्या'में दिखे थे। ये फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर ठीक ठाक रही थी, लेकिन आज इसे कल्ट क्लासिक का दर्जा मिला है।'आर्या 2', 'वेदम', 'रेस गुरुम', 'डीजे', 'सत्यमूर्ति' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने शानदार अभिनय से कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। अल्लू अर्जुन अबतक एक नेशनल अवॉर्ड, 6 फिल्मफेयर और 3 नंदी अवॉर्ड्स जीत चुके हैं।

### भोजपुरी

## सास भी कभी बहू थी यूट्यूब पर चार करोड़ के पार



जमाने बदल जाएं, पीढ़ियां बदल जाएं लेकिन सास बहू की कहानी और तू तू मैं मैं कभी पुराने नहीं होते. इन दोनों की तकरार, इन दोनों का प्यार हमेशा ही दिल जीत लेता है। टेलीविजन पर कुछ साल पहले आने वाला शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की जबरदस्त कामयाबी इस बात की गवाह भी रही है। ये सीरियल कई साल तक टीआरपी में टॉप पर रहा. भोजपुरी फिल्म इंड्स्ट्री ने सास भी कभी बहू थी टाइटल की फिल्म बनाई और इसने यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रखी है। यूट्यूब पर तो इस फिल्म को देखने वालों की कोई कमी नहीं है। महज तीन ही महीने में ये फिल्म कई मिलियन हिट्स हासिल कर चुकी है। भोजपुरी फिल्म सास भी कभी बहू थी को यूट्यूब पर बी4यू भोजपुरी नाम के चैनल पर देखा जा सकता है। भोजपुरी मूवी सास भी कभी बहू थी 29 जून को यूट्यूब पर रिलीज हुई थी। इतने कम समय में फिल्म ने यूट्यूब पर जबरदस्त हिट्स हासिल कर लिए हैं। इस फिल्म को अब तक 44 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस भोजपुरी फिल्म को फैन्स का जबरदस्त प्यार मिल रहा है।

### लाइफ स्टाइल

## काली साड़ी में छाईं 'मंजुलिका'



विद्या बालन इन दिनों अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। जिसमें उन्हें एक बार फिर 'मंजुलिका' के रूप में देखने के लिए फैंस बेताब हैं, तो उनका प्रमोशनल इवेंट में स्टाइल भी खूब पसंद किया जा रहा है। खासकर, साड़ी में वह अपनी अदाओं से सब पर भारी पर रही हैं और अब काली साड़ी में तो उनका नया लुक फिर से चर्चा में आ गया है। विद्या ने इस इवेंट के लिए फेमस फैशन डिजाइनर तोरानी की ब्लैक साड़ी को चुना। जिसमें उन्हें सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रणय जेटली और शौनक अमोनकर के लेबल Who Wore What When के अंडर हेट टू टो परफेक्टली स्टाइल किया गया।

## करीना कपूर-माधुरी दीक्षित के मेकअप में हैं एक चीज कॉमन, आप भी करें ट्राई

करवा चौथ पर रेडी होने के लिए कपड़ों से लेकर ज्वैलरी तो डिसाइड हो गई। लेकिन, परफेक्ट लुक के लिए मेकअप भी परफेक्ट दिखना चाहिए। अगर आपकी उम्र 40 के पार हो रही है तो मेकअप करते वक्त करीना कपूर से लेकर माधुरी दीक्षित, रानी मुखर्जी जैसे एक्ट्रेस के लुक को जरूर देख लें। जिनमें एक चीज कॉमन है, वो है स्मोकी आईज। जिसकी मदद से आप भी खूबसूरत लुक पा सकती हैं।



### आंखों के रिंकल्स को छुपाने में मदद करते हैं स्मोकी आईज मेकअप

उम्र बढ़ने के साथ आंखों के आसपास की स्किन ढीली होने लगती है और रिंकल दिखने लगते हैं। स्मोकी आईज की मदद से इन रिंकल्स को बड़ी ही आसानी से छुपाया जा सकता है। तो इस करवा चौथ आप भी स्मोकी आईज लुक ट्राई कर सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

(1) स्मोकी आई मेकअप अट्रैक्टिव दिखता है, लेकिन इसे करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जिससे कि सारा लुक बिगड़े ना और मेकअप परफेक्ट नजर आए।

(2) स्मोकी आईज बनाने के लिए हमेशा ब्लैक कलर के लाइट शेड का इस्तेमाल करें। जिससे मेकअप ओवर ना नजर आए।

(3) कोहल स्मोकी आईज बनाने के लिए आप केवल काजल को स्मज करके भी स्मोकी आईज बना सकती हैं।

(4) ब्लैक कलर अगर नहीं पसंद है तो डार्क ब्राउन शेड का इस्तेमाल करें। इससे भी आपकी आंखें खूबसूरत नजर आएंगी।

(5) ब्राउन शेड भी नहीं अच्छा लगता है तो ग्रे कलर के आई शैडो को भी काजल के साथ स्मज कर आई मेकअप कंप्लीट कर सकती हैं।


(6) स्मोकी आईज बनाने के पहले आईब्रो के पास ग्लिटर जरूर लगाएं।

(7) जब भी डार्क आई मेकअप कर रही हों तो साथ में लाइट या ब्राउन शेड की लिपस्टिक को चुनें। जिससे कि मेकअप ओवर ना दिखें।

## टीवी की मां सीता की तरह हों तैयार सादगी भरे लुक से मिलेगी तारीफ

फैशन





बहुत से घरों में दशहरा पूजा भी होती है। ऐसे में अगर आप दशहरा पूजा में अपना सादगी भरा अंदाज दिखाना चाहती हैं तो टीवी की मां सीता यानी कि देबिना बनर्जी के इन लुक्स से टिप्स लें। यहां हम आपको देबिना के कुछ एथनिक लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो देखने में काफी खूबसूरत हैं।

**पहनें लाल साड़ी :** आप चाहें तो दशहरा पूजा में लाल और गोल्डन रंग के बॉर्डर वाली ऐसी ही साड़ी पहनें। इस तरह की साड़ी आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेगी। लाल रंग वैसे भी पूजा में पहनने के लिए काफी शुभ माना जाता है। ऐसी साड़ी होती भी हर महिला के पास है। ऐसे में इस साड़ी का चयन करें।



**लाल शरारा :** अगर आप लाल रंग की साड़ी नहीं पहनना चाहतीं हैं तो इस तरह का लाल शरारा सूट पहनकर अपना सादगी भरा अंदाज दिखाएं। पूजा के समय के लिए ऐसा शरारा सूट एक बेहतर विकल्प रहेगा। ऐसे सूट के साथ बालों में लो बन बनाएं, ताकि खुले बाल आपको परेशान न करें।

**मल्टीकलर साड़ी :** अगर आप लाल रंग नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरह की मल्टीकलर साड़ी का चयन करें। ऐसी साड़ी आपकी खूबसूरती बढ़ाने में मदद करेगी। ऐसी साड़ी के साथ आप ऑक्सीडाइज ज्वेलरी भी कैरी कर सकती हैं।

**मल्टीकलर शरारा :** चाहें तो इस तरह का मल्टीकलर शरारा भी आप दशहरा पूजा के समय कैरी कर सकती हैं। इसके साथ दुपट्टा जरूर कैरी करें। ऐसे सूट के साथ अगर आप अलग ढंग की हेयर स्टाइल बनाएंगी तो आपका लुक प्यारा दिखेगा।

## बिना पार्लर जाए घर पर ही अपने हाथों पर रचाएं मेहंदी की ये आसान डिजाइन

तीज की ही तरह करवा चौथ भी सुहागिनों का प्रमुख त्योहार है, जिसमें सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। सजती हैं और सोलह श्रृंगार करती हैं। इस दिन के लिए महिलाएं हाथों पर मेहंदी लगवाती हैं। महिलाओं के लिए मेहंदी बहुत ही खास होती है, क्योंकि इसे लेकर कहा जाता है कि मेहंदी के रंग से पति के प्यार का भी अंदाजा लगाया जाता है। ऐसे में महिलाएं मेहंदी लगवाने का बेसब्री से इंतजार करती हैं।

करवा चौथ के दिन हर महिला अपने हाथों में कुछ अलग डिजाइन की मेहंदी लगवाना चाहती हैं। इस बार करवा चौथ का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। तो चलिए आपको इस खास मौके के लिए कुछ खास डिजाइन की मेहंदी डिजाइन दिखाते हैं, जिन्हें आप घर खुद बैठकर लगा सकती हैं।

**चांद का महत्व :** करवा चौथ में चांद का बहुत महत्व होता है। इस व्रत में महिलाएं चांद को देख कर अपना व्रत पूरा करती हैं। अगर आपको मेहंदी से भरे हुए हाथ अच्छे लगते हैं तो आप अपने हाथों पर चांद को देखती हुई महिला की तस्वीर बनवा सकती हैं। ये डिजाइन देखने में बेहद खूबसूरत लगेगी।



### हाथों पर बनवाएं कपल फोटो


आप अपने हाथों को थोड़ा अलग रखना चाहती हैं तो अपने हाथों मे कपल की तस्वीर भी बनवा सकती हैं। इस डिजाइन से अपने हाथों को ज्यादा भरवाकर आप अपनी मेहंदी को अलग दिखा सकती हैं।

**ब्राइडल मेहंदी :** अगर आपका पहला करवा चौथ है और आपको मेहंदी के भरे हुए हाथ अच्छे लगते है, तो आप ब्राइडल मेहंदी लगवा कर अपने करवाचौथ को खास बना सकती हैं। ये भरे-भरे हाथ मेहंदी आपके पहले करवा चौथ और नई दुल्हन को और खास दिखाने में मदद करेगी।

## अभी से रूखी होने लगी है त्वचा तो बॉडी लोशन की जगह इस्तेमाल करें ये तेल

जैसे ही सर्दी का मौसम दस्तक देता है, वैसे ही लोगों को त्वचा संबंधी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। खासतौर पर सर्दी के मौसम में त्वचा के रूखेपन से लगभग हर कोई परेशान रहता है। कई बार तो ये रूखापन लोगों को इतना परेशान कर देता है कि उनकी त्वचा फटने लगती है। ऐसे में आपको अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने की जरूरत है।

वैसे तो त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए बाजार में तमाम तरह के बॉडी लोशन आते हैं। लेकिन अगर आप इन बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो हम आपको कुछ ऐसे प्रकार के तेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके हाथ-पैरों की नमी बरकरार रहेगी। आप बिना सोचे बॉडी लोशन की जगह इन तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं। ये तेल आपको बेहद कम दामों में बाजार में मिल जाएंगे।



**नारियल तेल :** ये तेल हर घर में आसानी से मिल जाता है। नारियल का तेल त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है और एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में अपनी त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने के लिए इसका हर रोज इस्तेमाल करें।

**बादाम तेल :** यदि आपके पास बादाम का तेल नहीं है, तो इसे कम दामों में खरीद कर अपने पास जरूर रखें। विटामिन ई से भरपूर यह तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है और इसे चमकदार बनाता है। यह सूखी और संवेदनशील त्वचा के लिए बेहद अच्छा होता है।

**ऑलिव ऑयल :** अक्सर आजकल लोग खाना बनाने के लिए इसी तेल का इस्तेमाल करते हैं। यह त्वचा को नमी प्रदान करता है और इसे मुलायम बनाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

### कार्नर न्यूज

## पति-पत्नी के अटूट रिश्ते को बयां करता मंगलसूत्र

एक सुहागिन स्त्री भले ही सोलह श्रृंगार न करें लेकिन गले में मंगलसूत्र जरूर पहनती है। सिंदूर और मंगलसूत्र दोनों को ही सुहाग की निशानी माना जाता है। काले मोतियों वाली ये माला पति पत्नी के अटूट रिश्ते को बयां करती है और उनके रिश्ते को बुरी नजर से बचाती है। अब सुहागिनों का सबसे बड़ा त्योहार करवाचौथ भी कुछ ही दिनों दूर है। इस खास दिन के लिए कई महिलाएं नया मंगलसूत्र खरीदती हैं। वो चाहे आर्टिफिशियल हो या सोने का। हालाकि मंगलसूत्र के डिजाइन भी वक्त के साथ-साथ बदलते रहते हैं। आज हम आपको लेटेस्ट मंगलसूत्र के कुछ डिजाइन दिखाने वाले हैं जो बॉलीवुड एक्ट्रेसेज खुद पहनती हैं। आप इनमें से कोई भी एक डिजाइन अपने लिए भी पिक कर सकती हैं।

## इस बार करवाचौथ पर पहनें ये लेटेस्ट मंगलसूत्र देखें बॉलीवुड एक्ट्रेसेज के फेवरेट डिजाइन



### अथिया की तरह बनवाएं यूनिक डिजाइन

आजकल की न्यूली मैरिड गर्ल्स को तो आथिया का मंगलसूत्र डिजाइन काफी ज्यादा पसंद आने वाला है। ये बेहद ही स्टाइलिश और यूनिक है। इस मंगलसूत्र को आप सिर्फ एथनिक ही नहीं बल्कि वेस्टर्न ड्रेसेज के साथ ही आराम से कैरी कर सकती हैं।

### दीपिका की तरह बनवाएं मिनिमल डिजाइन

अगर आपको बहुत ही सिंपल डिजाइन के मंगलसूत्र पसंद आते हैं तो दीपिका की तरह आप ये सिंगल डायमंड पैटर्न अपने लिए बनवा सकती हैं। ये देखने में भी बेहद मिनिमल और स्टाइलिश लगता है। करवाचौथ पर लहंगा हो साड़ी हो या फिर कोई इंडो वेस्टर्न ड्रेस, ये डिजाइन हर किसी के साथ कनेक्ट लगने वाला है।

### ईशा की तरह बनवाएं रानिहार डिजाइन मंगलसूत्र

इस करवाचौथ थोड़ा सा यूनिक पैटर्न मंगलसूत्र पहनना चाहती हैं तो ईशा की तरह ये रानीहार शेप मंगलसूत्र ट्राई कर सकती हैं। ये आपको रॉयल लुक देने है। खासतौर से इंडियन वियर के साथ तो ये बहुत खूब लगाने वाला है। एक भारी सी बनारसी साड़ी और ये मंगलसूत्र, यकीन मानिए आप किसी रानी महारानी से कम नहीं लगेंगी।



### शिल्पा की तरह बनवाएं दो लड़ी वाला डिजाइन

आप चाहें तो शिल्पा शेट्टी की तरह दो लड़ियों वाला मंगलसूत्र भी पहन सकती हैं। ये डिजाइन भी देखने में काफी क्लासी और एलिगेंट लगता है। ये काफी भरा-भरा लुक देता है इसलिए फेस्टिवल्स और किसी खास ऑकेशन के लिए एकदम परफेक्ट होने वाला है। इसके सतह अगर आप कोई और ज्वैलरी ना भी पहनें तब भी ये अकेला ही आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा।

### ऐश्वर्या की तरह बनवाएं लॉन्ग मंगलसूत्र

अगर आपको लॉन्ग चेन मंगलसूत्र डिजाइन पसंद आते हैं तो ऐश्वर्या की तरह आप ऐसा डिजाइन चूज कर सकती हैं। लॉन्ग मंगलसूत्र देखने में काफी ज्यादा क्लासी लगते हैं। खासतौर से इंडियन वियर जैसे साड़ी और सूट के साथ तो ये खूब जचते हैं।